सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI हर खबर पर पक्की नजर

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

कर्तव्यपथ पर चतुर्थ वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष :04, अंक :-339, पृष्ठ : 12 | बुधवार, 18 जून, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

## ईरान ने किया जंग का ऐलान



**नई दिल्ली।** ईरान और इजराइल के बीच जारी युद्ध ने अब एक नया मोड़ लिया है। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई ने आज जंग का एलान करते हुए ट्विटर (एक्स) पर लिखा, 'हैदर के नाम पर जंग शुरू होती है। हम आतंकी यहूदी शासन को कड़ा जवाब देंगे।' उनके इस पोस्ट के बाद ईरान ने इजराइल के विभिन्न शहरों पर 25 मिसाइलें दागीं। जवाबी हमले में इजरायल ने भी ताबड़तोड़ हमले किए। इसके बाद ईरान ने इजरायल की ओर फत्ताह मिसाइलें दागीं हैं। इधर, अमेरिका ने यरूशलेम में तीन दिनों के लिए अपना दूतावास बंद कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि, हमें पता है कि खामेनेई कहां छुपा है। अब ट्रंप का अगला कदम क्या होगा, इसपर सबकी निगाहें टिकी हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि 'ईरान की सेना इजरायलियों के प्रति कोई दया नहीं दिखाएगी।' ईरानी हमले के बाद इजरायल ने स्थानीय समय के मुताबिक रात करीब 12 बजकर 40 मिनट पर सायरन बजाने शुरू किए और करीब 15 प्रोजेक्टाइल को गिराने का दावा किया।

### बुलंदशहर में एक्सीडेंट के बाद कार में लगी भीषण आग

# एक ही परिवार के 5 लोग जिंदा जले

**बुलंदशहर।** बदायूं से दिल्ली जा रही एक कार पुलिया से टकराकर पलट गई। पलटते ही कार में आग लग गई और उसमें सवार एक ही परिवार के 5 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई है। हादसे में सिर्फ एक महिला जिंदा बची है, जिसे पुलिस ने स्थानीय सामुदायिक केंद्र में भर्ती कराया है। यह परिवार बदायूं में एक शादी समारोह से दिल्ली लौट रहा था। दुर्घटना बुधवार सुबह करीब 5 बजे बुलंदशहर के जहांगीराबाद कोतवाली क्षेत्र में चांदोक दोराहे के पास की है।

> बदायूं से दिल्ली लौट रहा था परिवार



पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही, मृतकों के परिजनों को सूचना दी गई है मृतकों की पहचान कार सवार जुबेर पुत्र औशाद अली, तनवीज पुत्र तनवीर, मोमिना पुत्री तनवीर, जेबा उर्फ निदा पुत्री तनवीर, जैनुल पुत्र जुबेर सभी निवासी खैरपुर बल्ली, सहसवान, बदायूं के रूप में हुई है। यह परिवार दिल्ली के मालवीय नगर में रहता था। यहां से शादी समारोह में शामिल होने के बाद सभी दिल्ली स्थित आवास वापस लौट रहे थे। इस भयंकर कार हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। कार में जिंदा बची गुरनाज पुत्री तनवीर को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया है।

### ड्राइवर को झपकी आने से हादसे की आशंका

जहांगीराबाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रामफल सिंह ने बताया कि बदायूं के सहसवान क्षेत्र के खैरपुर बल्ली निवासी परिवार दिल्ली के मालवीय नगर में रहता है। कार सवार 6 लोग सहसवान में शादी समारोह में शामिल होकर दिल्ली लौट रहे थे। वे जहांगीराबाद कोतवाली क्षेत्र के चांदोक दोराहा के पास पहुंचे थे, तभी यह हादसा हुआ।




## 3000 रुपये दो और एक साल तक टोल फ्री



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गड़करी ने टोल टैक्स को लेकर बड़ी घोषणा की है। उन्होंने फास्टैग-आधारित एनुअल पास की घोषणा की है सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके उन्होंने इसकी जानकारी दी है। केंद्रीय मंत्री ने अपनी एक्स पोस्ट में लिखा, परेशानी मुक्त राजमार्ग यात्रा की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम के रूप में, हम 15 अगस्त 2025 से प्रभावी 3,000 की कीमत वाला फास्टैग-आधारित वार्षिक पास पेश कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस पास की वैलिडिटी एक साल तक या फिर 200 यात्राओं के लिए होगी, जो भी पहले हो। यह पास विशेष रूप से कार, जीप और वैन जैसे गैर-वाणिज्यिक निजी वाहनों के लिए बनाया गया है। केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, वार्षिक पास पूरे देश में राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्बाध और लागत प्रभावी यात्रा को सक्षम करेगा।

## छत्तीसगढ़-आंध्र बॉर्डर पर 3 नक्सली लीडर ढेर



- 40 लाख का इनामी गजरला और 1 करोड़ के इनामी चलपति की पत्नी अरुणा भी शामिल

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीतारामराजू जिले के रामपचोदवरम थानाक्षेत्र में बुधवार सुबह सुरक्षा बलों ने 3 नक्सलियों को मार गिराया। इनमें गजराला रवि उर्फ उदय (सीसीएम), रवी चैतन्य उर्फ अरुणा (एसजेडसीएम) और अंजू (एसीएम) शामिल थे। इनके पास से तीन एके-47 भी बरामद की गई हैं। बताया जा रहा है कि मुठभेड़ अब भी जारी है। दोनों ओर से रुक-रूककर फायरिंग हो रही है। अनुमान लगाया जा रहा है कि इस मुठभेड़ में मृतक नक्सलियों की संख्या बढ़ सकती है। आंध्र के अल्लुरी सीताराम जिले के एसपी अमित बरदार ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। जानकारी के मुताबिक, सेंट्रल कमेटी मेंबर गजरला 40 लाख का इनामी था। वहीं एनकाउंटर में मारी गई अरुणा नक्सली लीडर चलपति की पत्नी है और इस पर भी 20 लाख का इनाम था। चलपति को इस साल की शुरूआत में अपनी जान से हाथ धोना पड़ा था। पत्नी के साथ उसकी एक सेल्फी ने सुरक्षा बलों को उस तक पहुंचा दिया था।

# आतंकवाद को बढ़ावा और समर्थन देने वालों को चुकानी होगी कीमत-मोदी

**कनैनिस्किस (कनाडा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-7 शिखर सम्मेलन में आतंकवाद के खिलाफ अपना कड़ा रुख जाहिर किया है। पीएम मोदी ने जी 7 के नेताओं से आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक कार्रवाई को तेज करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को 'बढ़ावा एवं समर्थन' देने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाने की जरूरत है। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत का विजन की पुष्टि करते हुए अक्रामता पेश किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कनाडा में 'जी7 संपर्क सत्र' में अपने संबोधन के दौरान कहा कि आतंकवाद का समर्थन करने वाले देशों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए हमारी सोच और नीति स्पष्ट होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के समर्थक देशों को भी इसकी कीमत चुकानी होगी।' मोदी ने कहा, 'एक तरफ हम अपनी प्राथमिकता के आधार पर हर तरह के प्रतिबंध लगाने में जल्दबाजी करते हैं। दूसरी तरफ, जो देश खुले तौर पर आतंकवाद का समर्थन करते हैं, उन्हें पुरस्कृत किया जाता है।' विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख को दोहराया और पहलगाम में हुए भयावह आतंकवादी हमले की निंदा करने के लिए नेताओं को धन्यवाद दिया।



## पीएम मोदी ने डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर की बात

### सीजफायर से यूएस का कोई लेना देना नहीं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर बातचीत हुई। 35 मिनट तक हुई इस बातचीत में पीएम मोदी ने भारत की आतंकवाद विरोधी कार्रवाइयों, खासकर ऑपरेशन सिंदूर पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान पीएम मोदी ने यह भी साफ किया कि सैन्य कार्रवाई रोकने की बात भारत और पाकिस्तान के बीच सीधे हुई, जिसमें अमेरिका की कोई मध्यस्थता नहीं थी। विक्रम मिसरी ने बताया कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने फोन पर प्रधानमंत्री मोदी को शोक संवेदना प्रकट की थी और आतंकवाद के खिलाफ समर्थन व्यक्त किया था। उसके बाद दोनों लीडर्स की यह पहली बातचीत थी। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप से ऑपरेशन सिंदूर के बारे में विस्तार से बात की।

## अमेरिका और चीन को दिया कड़ा संदेश

पीएम मोदी ने बिना किसी देश का नाम लिए अमेरिका और चीन को सख्त संदेश दिया। उन्होंने कहा कि कई देश आतंकवाद को खुलेतौर पर आतंकवाद को समर्थन करते हैं। वह आतंकवादियों के सागिर्दों को पुरस्कार भी देते हैं। पीएम मोदी के इस बयान को हाल ही में आतंकियों को हमदर्द पाकिस्तान के आर्मी चीफ असीम मुनीर की अमेरिका यात्रा से जोड़कर देखा जा रहा है, जिसमें ट्रंप ने मुनीर को अपने आर्मी परेड डे के बाद लंच के लिए भी आमंत्रण दिया है। जबकि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गए थे। इसमें पाकिस्तान का हाथ था।

# भारत-कनाडा ने नए उच्चायुक्तों को नियुक्त करने पर जताई सहमति

**टोरंटो।** पीएम मोदी और मार्क कार्नी की मुलाकात के दौरान भारत और कनाडा ने नए उच्चायुक्तों को नियुक्त करने पर सहमति जताई है। दोनों देश फिर से सामान्य राजनयिक सेवाएं शुरू करने के लिए नए उच्चायुक्त नियुक्त करेंगे। इससे दोनों देशों के नागरिकों और व्यापारियों को फायदा होगा। कनाडा के प्रधानमंत्री के कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि कार्नी और मोदी ने आपसी सम्मान, कानून के शासन और संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सिद्धांत के प्रति प्रतिबद्धता के आधार पर कनाडा-भारत संबंधों के महत्व की पुष्टि की। दोनों नेताओं ने नागरिकों और व्यवसायों को नियमित सेवाएं बहाल करने के उद्देश्य से नए उच्चायुक्तों को नामित करने पर सहमति व्यक्त की है। दोनों नेताओं ने आपसी सम्मान, कानून के शासन और संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सिद्धांत के प्रति प्रतिबद्धता पर आधारित कनाडा-भारत संबंधों के महत्व की पुष्टि की।

## विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने दी जानकारी

वहीं, विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने भी प्रधानमंत्री मोदी और कनाडाई प्रधानमंत्री कार्नी की मुलाकात के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के प्रमुख इस महत्वपूर्ण रिश्ते में स्थिरता बहाल करने के लिए संतुलित कदम उठाने पर सहमत हुए। इनमें से पहला कदम जो तय हुआ वह था एक दूसरे की राजधानियों में जल्द से जल्द उच्चायुक्तों की बहाली। उन्होंने बताया कि अन्य कूटनीतिक कदम भी समय के साथ उठाए जाएंगे।

## पीएम मोदी का अगला पड़ाव क्रोएशिया

**नई दिल्ली।** अब पीएम मोदी अपनी तीन देशों की यात्रा के अंतिम पड़ाव में क्रोएशिया के लिए रवाना हो गए हैं। इसके पहले उन्होंने कनाडा के लोगों और सरकार को जी7 शिखर सम्मेलन की सफल मेजबानी के लिए धन्यवाद दिया। वही अब पीएम मोदी फिलहाल क्रोएशिया की आधिकारिक यात्रा के लिए रवाना हो चुके हैं। क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविच के निमंत्रण पर पीएम मोदी इस यात्रा पर गए हैं। ये किसी भारतीय प्रधानमंत्री की क्रोएशिया की पहली यात्रा होगी, जो द्विपक्षीय संबंधों में महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। तय कार्यक्रम के मुताबिक, पीएम मोदी वहां प्रधानमंत्री प्लेंकोविच के साथ द्विपक्षीय चर्चा करेंगे और क्रोएशिया के राष्ट्रपति जोरान मिलनोविच से मिलेंगे। क्रोएशिया की ये यात्रा यूरोपीय संघ में भागीदारों के साथ संबंध को और मजबूत करने की भारत की प्रतिबद्धता को भी दशार्ती है।



# पीलीभीत में सपा कार्यालय खाली कराने पर हंगामा-धक्कामुक्की

### जिलाध्यक्ष समेत 15 पदाधिकारी हिरासत में

**पीलीभीत।** पीलीभीत में नगर पालिका ईओ के आवास में संचालित समाजवादी पार्टी (सपा) के जिला कार्यालय को खाली कराने की प्रक्रिया बुधवार सुबह करीब 10 बजे शुरू हुई। सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, ईओ संजीव कुमार समेत अन्य अफसर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। सपा कार्यालय से सटे एक अन्य कमरे का ताला तोड़ा गया। इसकी जानकारी मिलते ही सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा समेत तमाम नेता और कार्यकर्ता भी पहुंच गए।

कार्रवाई को लेकर सपा जिलाध्यक्ष की अफसरों से बहस भी हुई। इस दौरान पुलिस ने सपा जिलाध्यक्ष को धक्का देकर हटा दिया। इस दौरान हंगामा भी हुआ। इसके बाद सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा समेत 15 पदाधिकारियों को हिरासत में लेकर पुलिस लाइन ले जाया गया। नगर पालिका ने भवन पर कब्जा लेकर अपना ताला डाल दिया। शहर के नकटादाना चौराहा पर नगर पालिका के ईओ का आवास है। वर्ष 2006 में पालिका की ओर से इस आवासीय भवन को समाजवादी पार्टी के कार्यालय के लिए आवंटित किया गया था। बताया जा रहा है कि वर्ष 2020 में आवंटन का कार्यकाल समाप्त हो गया, लेकिन इसके बाद भी कार्यालय संचालित किया जाता रहा। एक माह पूर्व कार्यालय को खाली कराने को लेकर पालिका प्रशासन की ओर से कवायद शुरू की गई थी।



स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं विवेक खंडेलवाल मैनेजिंग डायरेक्टर बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक ए /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित

**प्रधान संपादक अरविन्द सिंह**
**RNI Registration No UPHIN/2021/88376**
**निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार**
E MAIL newsnextindia1@gmail.com
Website:-www.nnindianews.com

(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है)

## दिल्ली से बाली जा रही एअर इंडिया की उड़ान वापस

### ज्वालामुखी विस्फोट की वजह से लिया गया फैसला



नई दिल्ली। दिल्ली से बाली जा रही एअर इंडिया की उड़ान को वापस राष्ट्रीय राजधानी लौटना पड़ा। इंडोनेशिया में हुए ज्वालामुखी विस्फोट की वजह से AI2145 को तत्काल दिल्ली वापस लौटने की सलाह दी गई। इससे पहले बीते दिन राष्ट्रीय राजधानी में खराब मौसम के कारण बाली से दिल्ली आने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट ( AI2145) को वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर डायवर्ट किया गया। वाराणसी में रुकने के बाद फ्लाइट दिल्ली के लिए रवाना हो गई। पूर्वी इंडोनेशिया में एक शक्तिशाली ज्वालामुखी विस्फोट के कारण बुधवार को बाली जाने वाली एअर इंडिया की एक फ्लाइट सहित कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को रद्द करना पड़ा। कई उड़ानों का रास्ता भी बदलना पड़ा, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। दरअसल, पूर्वी नुसा तेंगारा प्रांत में स्थित इंडोनेशिया के सबसे सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक माउंट लेवोटोबी लाकी लाकी में मंगलवार शाम को विस्फोट हुआ। इससे राख के विशाल गुबार आसमान में 10,000 मीटर (32,800 फीट) से अधिक ऊंचाई तक उड़े। इसे लगभग 150 किमी दूर से देखा जा सकता था।

# पाकिस्तान में हाईजैक होने वाली जाफर एक्सप्रेस डिरेल

### रेलवे ट्रैक पर धमाके के बाद 6 बोगियां पटरी से उतरीं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के जैकोबाबाद के पास रेलवे ट्रैक पर एक बड़ा धमाका हुआ है, जिससे जाफर एक्सप्रेस की 6 बोगियां पटरी से उतर गईं। यह ट्रेन पेशावर से क्वेटा जा रही थी। पुलिस के अनुसार, धमाके से रेलवे ट्रैक पर तीन फुट चौड़ा गड्ढा बन गया और करीब छह फुट लंबी पटरियां पूरी तरह से तबाह हो गईं।

हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। रेलवे और सुरक्षा एजेंसियां घटनास्थल पर जांच में जुटी हैं। धमाका इतना जबरदस्त था कि कोचों के पहिए पटरी से उखड़ गए और ट्रेन अचानक रुक गई। शुरूआती रिपोर्टों में बताया गया है कि इस हादसे में कई यात्री घायल हुए हैं, हालांकि अब तक किसी की मौत की पुष्टि नहीं हुई है। राहत और बचाव टीमें तुरंत मौके पर पहुंच गई हैं और घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया जा रहा है। जैकोबाबाद के पास जाफर एक्सप्रेस पर हुए धमाके ने एक बार फिर इस रूट की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह ट्रेन पहले भी कई बार हमलों का शिकार बन चुकी है। बलूचिस्तान रेल यात्राएं को लेकर असुरक्षित माना जाता है। यह क्षेत्र लंबे समय से अलगाववाद, हिंसा और सेना के खिलाफ विद्रोह से जूझ रहा है।



सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI
हर खबर पर पक्की नजर

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया
अपना ब्रज

बुधवार, 18 जून, 2025 www.nnindianews.com



# कोहराम मचाती हाइवे की राहें

**बुधवार की सुबह हाइवे हाइवे की खूनी राहों ने कोहराम मचा दिया। तड़के हुए दो अलग-अलग दर्दनाक सड़क हादसों में आधा दर्जन लोग काल के गाल में समा गए। हादसों में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पहला हादसा आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर हुआ। जहां बेकाबू यात्री बस खड़े ट्रक में जा घुसी। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि दर्जन भर यात्री घायल हो गए। वहीं आगरा-फिरोजाबाद हाइवे पर आम से लदी मैक्स पिकअप के पलटने से चार लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर कोहराम मच गया। पुलिस ने सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।**

## ट्रांस यमुना क्षेत्र में बेकाबू मैक्स पलटी, चार की मौत





- लखनऊ से आम लेकर आ रही थी आगरा मैक्स पिकअप
- मॉर्निंग वॉक कर रहे लोगों को चपेट में लेते हुए पलटी

एनएनआई

**आगरा।** ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र में झरना नाला के समीप बुधवार तड़के उस समय अफरा-तफरी मच गई जब फिरोजाबाद की ओर से आम लेकर आ रही लोडिंग गाड़ी अनियंत्रित हो सर्विस रोड पर मार्निंग वॉक पर निकले लोगों को चपेट में लेते हुए पलट गई। हादसे में चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे को देख मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर इलाका पुलिस भी पहुंच गई और दबे हुए लोगों को बाहर निकलवाया।

हादसा बुधवार तड़के तब हुआ जब लखनऊ मंडी से आम लेकर आगरा आ रही तेज रफ्तार मैक्स पिकअप गाड़ी ट्रांसयमुना थाना क्षेत्र के शाहदरा पुल के पास अचानक बेकाबू होकर सर्विस रोड पर पलट गई। इस दौरान सुबह की सैर पर निकले तीन लोग गाड़ी की चपेट में आकर दब गए। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। गाड़ी के अंदर चालक और परिचालक बुरी तरह फंस गए। उन्हें कटर की सहायता से दरवाजा काटकर करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद जब तक बाहर निकाला, तब तक चालक ने दम तोड़ दिया। वहीं परिचालक को गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक तेज रफ्तार मैक्स गाड़ी डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। इस दौरान सुबह सड़क किनारे बैठे तीनों लोगों को बचने का मौका तक नहीं मिला। हादसे में मॉर्निंग वॉक पर निकले शाहदरा निवासी 65 वर्षीय राजेश पुत्र लाखन सिंह, 60 वर्षीय रामेश्वर पुत्र बुद्धराम, 63 वर्षीय हरीबाबू पुत्र स्व. धुरीलाल और गाड़ी चालक कृष्णा की मौत हो गई। वहीं हादसे में गंभीर घायल परिचालक को उपचार के लिए भर्ती कराया गया। हादसे के बाद हाइवे पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से गाड़ी को हटाकर यातायात शुरू करवाया।

### झपकी बानी मौत की वजह

माना जा रहा है कि चालक को नींद की झपकी आने की वजह से हादसा हुआ है। बताया गया है कि दो लोग मैक्स में थे। तीन लोग वॉक कर डिवाइडर पर बैठे थे। अनुमान लगाया जा रहा है कि चालक को झपकी आने से हादसा हुआ है। गाड़ी को काट कर एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद चालक का शव निकाला गया। परिचालक को गंभीर हालात में अस्पताल भेजा गया है। एक घंटे की मशक्कत के बाद चालक का शव निकाला गया है।

"हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। परिचालक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। सुचारू यातायात के लिए जेसीबी से दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हाइवे से हटवा दिया गया है।
**हेमंत कुमार एसीसी छत्ता"**

## ट्रक से टकराई बस, दो की मौत, दो दर्जन से अधिक घायल

### आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर दर्दनाक हादसा



एनएनआई

**आगरा।** फतेहाबाद थाना क्षेत्र के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर बीती देर रात को उस समय चीत्कार मच गई जब एक बेकाबू यात्री बस खड़े ट्रक से जा टकराई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि ढाई दर्जन से अधिक सवारियां घायल हो गईं। हादसे होते ही यात्रियों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं दोनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

हादसा देर रात करीब डेढ़ बजे के आसपास हुआ। दिल्ली से बस संख्या एआर-01-के-6832 बिहार के विभिन्न जिलों के यात्रियों को लेकर रवाना हुई थी। रात करीब डेढ़ बजे जैसे ही बस टोल नंबर 21 के पास पहुंची तभी बेकाबू होकर वहां खड़े ट्रक संख्या आरजे-29-जी-0730) से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस के परखच्चे उड़ गए। आगे की सीटों पर बैठे यात्री बुरी तरह घायल हो गए। हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर यातायात थम गया। लहूलुहान चेहरे, चीखें, दर्द भरी आवाजों से हाइवे कराह उठा। सूचना पर यूपीडा की रेस्क्यू टीम के साथ ही फतेहाबाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। करीब डेढ़ दर्जन यात्रियों को बस की सीटों और खिड़कियों से काटकर बाहर निकाला गया। घायलों को एंबुलेंस से नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। जहां कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। उनके शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। फिलहाल उनकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। घायलों की संख्या 32 बताई गई है। इनमें छत्तीसगढ़ और विहार के अलग-यात्री शामिल हैं। इनमें अनिल सोनी, सुषमा, मोहम्मद साहू, सुरेन्द्र सिंह, सूरज कुमार, चूरन महतो, अमित कुमार, भरत चौपाल, अंजु, रामदेव यादव, उमधा देवी, गजानन भारती, नारद सुनवानी, निजामुद्दीन और सुरेश महतो प्रमुख हैं। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बस और ट्रक को क्रेन की मदद से हटवाकर टोल किनारे खड़ा करवाया। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में बस चालक की लापरवाही सामने आ रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। हादसे की जानकारी मिलते ही सीएमओ डॉ. अरुण श्रीवास्तव भी फतेहाबाद स्वास्थ्य केन्द्र पहुंच गए और घायलों के इलाज की व्यवस्था देखी।

"हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं 32 लोग घायल हुए हैं। घायलों में एक की हालात गंभीर बनी हुई है। उसे इलाज के लिए हायर सेंटर भेजा गया है। अन्य घायलों का उपचार चल रहा है।"
**डॉ. अरुण श्रीवास्तव, सीएमओ आगरा**

## जमीन पर सो रही थी छात्रा, रेंगते हुए आई मौत

### आधी रात को सांप से डसा, मच गई चीख-पुकार

एनएनआई

**मैनपुरी।** किशनी थाना क्षेत्र के कश्यप नगर में जमीन पर सो रही छात्रा रात में लगभग एक बजे सांप ने काट लिया। परिजन उसे आनन-फानन में सैफई मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बेटी की मौत परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामसभा फरेंजी के गांव कश्यप नगर निवासी 19 वर्षीय कृष्णा पुत्री ग्रीष कश्यप बीए की छात्रा थी। ग्रीष होमगार्ड हैं। कृष्णा शाम को खाना खाकर कमरे में जमीन पर सो गई। रात करीब एक बजे छात्रा के पैर की अंगुली पर तेज झनझनाहट हुई। वो नींद से जागकर बैठ गई। इस दौरान वहां से उसने सांप को दौड़ते हुए देखा। कृष्णा की अंगुली से खून बह रहा था। उसने शोर मचाया तो माता-



पिता आ गए। छात्रा को तत्काल उपचार के लिए सैफई मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। कृष्णा की मौत की से परिजनों में कोहराम मच गया। बताया गया है कि ग्रीष के पांच बेटियां और बेटे हैं। कृष्णा बहनों में सबसे छोटी थी।

## जमीन के विवाद में युवक को मारी गोली

**एटा।** सकीट थाना क्षेत्र में एक परिवार के ही दो पक्षों के बीच सुबह जमीन को लेकर विवाद हो गया। गांव बहलोलपुर में गाली-गलौज से शुरू हुआ विवाद मारपीट तक पहुंच गया। दोनों ओर से लाठी-डंडे चले। इस दौरान एक युवक को गाली मार दी गई। घायल को सीएचसी सकीट लाया गया। वहां से मेडिकल कॉलेज और फिर आगरा रेफर कर दिया गया। मारपीट में तीन अन्य लोग घायल हुए हैं। गोली से घायल दफेदार सिंह ने बताया कि मंगलवार सुबह वह अपने खेत में गड्ढा खुदवा रहा था। उसी समय परिवार के धीरेंद्र, मुनेंद्र अन्य लोगों को लेकर आ गया और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर लाठी-डंडा लेकर जानलेवा हमला कर दिया। शोर सुनकर परिजन और पिता दयाराम सिंह बचाने पहुंचे तो उक्त लोगों ने बंदूक से फायरिंग कर दी। इसी दौरान एक गोली सीधे उसके पेट में लगी। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सकीट से मेडिकल कॉलेज आगरा भेज दिया गया।

Gmail newsnextindia1@gmail.com
NNI हर खबर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया


# पत्नी के हाथ की नस काट फिर की खुदकुशी की कोशिश

- पड़ोसी बचाने के बजाए बनाते रहे वीडियो
- न्यू आगरा क्षेत्र के दयालबाग की घटना



एनएनआई

**आगरा।** पत्नी के मायके जाने की जिद पर गुस्साए पति ने देर रात झगड़ा कर दिया। विरोध करने पर मारपीट भी कर दी। सुबह तकरीबन 5 बजे जब पति उठा तो बैड पर सो रही पत्नी के हाथ की नस काट दी। चीखने पर बाथरूम में घुस कर अपने हाथ और पैर की नस काटकर सुसाइड का प्रयास किया। सूचना पर पहुंची पीआरबी 6511 के कमांडर नरेश कुमार और चालक बेताल सिंह ने बाथरूम दरवाजा तोड़कर दोनों की जान बचाई। मौके पर मौजूद लोगों की भीड़ तमाशाबीन बनी रही।

बसेरा एन्क्लेव कॉलोनी निवासी अर्श ने पुलिस को बताया कि उनकी मां मीरा देवी ननिहाल गई थीं। मंगलवार रात 10 बजे वापस लौटे तो गुस्साए पिता ललित कुमार 45 ने बेहरमी से मारपीट कर दी। बुधवार सुबह उठकर मां के सोते समय हाथों की नस काट दी। चीखने पर बाथरूम में घुस कर दरवाजा बंद कर लिया। फिर खुद की हाथ और पैर की नस काटकर सुसाइड का प्रयास किया। पड़ोसी तमाशा देखते रहे और वीडियो बनाते रहे। 112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पीआरबी 6511 के कमांडर नरेश कुमार और चालक बेताल सिंह ने दरवाजा तोड़ा। एम्बुलेंस बुलाकर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। इससे वह भी खून में लथपथ हो गए। मौके पर न्यू आगरा पुलिस डेढ़ घंटे तक नहीं पहुंची।

# नींद में खो गई दो मासूमों की जान, मां बची

- मां के साथ छत पर सो रहे दो बच्चों की सांप ने छीन ली जिन्दगी
- जगनेर के गांव मठ भवनई में दो बच्चों की मौत से मचा कोहराम



एनएनआई

**आगरा।** जगनेर क्षेत्र के गांव मठ भवनई में एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। बच्चों के साथ छत पर सो रही महिला ने चुभन महसूस होने पर आंख खोलकर देखा तो सामने सांप को पाया। आनन-फानन में झाड़-फूंक करने वाले बुलाए। बाद में महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज से महिला की जान तो बच गई, लेकिन बच्चे सोते के सोते रह गए। उनकी ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया। दो बच्चों की सर्पदंश से मौत से कोहराम मचा हुआ है।

जगनेर के गांव मठ भवनई निवासी विमलेश पत्नी मानपाल गोस्वामी अपने दो मासूम बच्चों, आठ साल के कान्हा और पांच साल के रामू को लेकर घर की छत पर सो रही थीं। मंगलवार रात करीब 3.30 बजे विमलेश को नींद में कुछ चुभन का अहसास हुआ। आंख खुली तो सामने सांप नजर आया जो उसे डंस चुका था। घबराकर उसने परिजनों को सूचना दी। परिजन उसे आनन-फानन में पहले झाड़ फूंक करने वालों के पास ले गए। बाद में जगनेर सीएचसी और फिर रूपवास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज मिलने पर विमलेश की हालत में तो सुधार हो गया, लेकिन उसके दोनों बच्चे छत पर नींद में ही पड़े रहे। परिवार वालों को लगा कि बच्चे सो रहे हैं। वे रोज देर से उठते हैं। इसी भ्रम में परिजन उन्हें वहीं छोड़ अस्पताल चले गए। यह लापरवाही जानलेवा साबित हुई। जब काफी देर तक बच्चे नहीं जागे तो उन्हें जगाने की कोशिश की गई, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। परिजन इन बच्चों को लेकर अस्पताल भी पहुंचे, लेकिन दोनों की मौत हो चुकी थी। कन्हा और रामू को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। दो बच्चों की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मौत के मुंह से लौटकर आई मां विमलेश बच्चों की मौत की सुनकर बेसुध हो चुकी हैं। पिता मानपाल अपने आंसुओं को रोक नहीं पा रहे। घटना के बाद सपेरों की मदद से सांप को ढूंढ निकाला गया, लेकिन यह राहत नहीं, सिर्फ औपचारिकता रह गई थी। गांव में मातम पसरा हुआ है। हर आंख नम है। मासूमों की असमय विदाई पूरे गांव को झकझोर गई है। गांव वाले मानपाल और उसके परिवार को ढाढस बंधा रहे हैं।

# बेटी के नाम पर चिकित्सक को ब्लैकमेल करने की कोशिश

- विदेश रह पढ़ाई कर रही डॉक्टर की बेटी

**आगरा (एनएनआई)।** ट्रांस यमुना क्षेत्र में रहने वाले एक डॉक्टर की बेटी के कथित अश्लील वीडियो के नाम पर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। डॉक्टर ने थाना एत्माद्दौला में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शिकायत में डाक्टर ने कहा है कि उनकी बेटी लंदन में पढ़ाई कर रही है। बेटी का मोबाइल फोन डॉक्टर की पत्नी के पास है। विगत 13 जून को बेटी के मोबाइल फोन पर कॉल आई। कॉल करने वाले ने कहाकि उसके पास उनकी बेटी के अश्लील वीडियो हैं और पैसे मांगे। ब्लैकमेल का प्रयास करने वाले ने पैसे न देने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी। डॉक्टर की पत्नी ने उसके बारे में जानना चाहा तो युवक गाली-गलौज करने लगा और कॉल काट दी। बताया कि इससे पहले भी इसी तरह के फोन आ चुके हैं। दो साल पहले भी कुछ लोगों ने फोन कर ब्लैकमेल करने की धमकी देकर पैसे मांगे थे, लेकिन सतर्कता के चलते कुछ नहीं किया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है।

# अब घर-घर जाकर पता लगाया जाएगा पालतू श्वानों का

**पालतू कुत्ते का यदि रजिस्ट्रेशन नहीं कराया तो नगर निगम की टीम पहुंचेगी**

एनएनआई




**आगरा।** नगर निगम ने पालतू कुत्तों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य कर दिया है। इसके बावजूद लोग रजिस्ट्रेशन नहीं करा रहे हैं। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक सिर्फ 377 कुत्तों का ही रजिस्ट्रेशन हुआ है। शहर में पालतू कुत्तों का रजिस्ट्रेशन करवाने को लेकर लोग गंभीर नहीं हैं। नगर निगम के मुताबिक शहर में लगभग 5000 से ज्यादा पालतू कुत्ते हैं। इसके मुकाबले रजिस्ट्रेशन की संख्या काफी कम है। अब नगर निगम इस लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की तैयारी में है। बिना रजिस्ट्रेशन पाए जाने पर कुत्तों को जब्त किया जाएगा। मालिक पर 2500 रुपए तक जुर्माना लगाया जाएगा। ट्रांसपोर्ट व खाने-पीने का खर्च भी अलग से लिया जाएगा। नगर निगम का ये अभियान सिर्फ कागजी कार्रवाई नहीं है। रजिस्ट्रेशन से पालतू कुत्तों का रिकॉर्ड बनेगा, जिससे रेबीज जैसी बीमारियों की रोकथाम, टीकाकरण और आपात स्थिति में पहचान जैसे काम आसान हो जाएंगे। पशु कल्याण अधिकारी डा. अजय कुमार सिंह ने बताया-हम चाहते हैं कि आगरा न सिर्फ साफ-सुथरा और स्मार्ट बने, बल्कि रेबीज-फ्री और पेट-फ्रेंडली सिटी के रूप में भी पहचाना जाए, लेकिन जब तक पालतू कुत्तों का रजिस्ट्रेशन नहीं होगा, तब तक कोई योजना आगे नहीं बढ़ सकती। नगर निगम आगे चलकर शहर में पेट-फ्रेंडली पार्क, डॉग वॉकिंग एरिया और बेहतर पशु चिकित्सा सुविधाएं विकसित करने की योजना बना रहा है। इसके लिए जरूरी है कि ये पता हो कि शहर में कितने पालतू जानवर हैं। ये तभी संभव है जब सभी का रजिस्ट्रेशन हो। नगर निगम अब पूरे शहर में विशेष जांच अभियान चलाने जा रहा है। टीम अलग-अलग इलाकों में जाकर देखेगी कि किन पालतू कुत्तों का रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है। नियम तोड़ने वालों पर सीधे कार्रवाई होगी।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

– प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# कागारौल में सीताराम सिस्टम का खुलासा ?

- बिना नंबर प्लेट की स्विफ्ट कार में दरोगा की टोपी रख की जा रही वसूली
- पीड़ित ट्रैक्टर चालक का वीडियो वायरल, जांच कर दोषियों पर हो कारवाई

एनएनआई



**आगरा।** उगाही के लिए पुलिस की टोपी ही काफी है। जनपद के कागारौल थाना क्षेत्र में पुलिस और खनन माफिया के कथित गठजोड़ के इस नए चेहरे को लोग सीताराम सिस्टम के नाम से पुकार रहे हैं। बुधवार सुबह सामने आए एक पीड़ित ट्रैक्टर चालक के वायरल हो रहे वीडियो ने पुलिस-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है।

वायरल वीडियो में एक स्लेटी रंग की स्विफ्ट कार दिखाई दे रही है। कार पर न तो नंबर प्लेट लगी है और न ही कोई सरकारी पहचान चिन्ह। कार के आगे पुलिस दरोगा की टोपी रखी हुई है। जिसका संबंध थाने से जोड़ा जा रहा है। पीड़ित ट्रैक्टर चालक दावा कर रहा है कि कार में बैठा व्यक्ति खुद का नाम सीताराम बता रहा था। पुलिस की तरह धमकाते हुए पैसों की मांग कर रहा था। ट्रैक्टर चालक के अनुसार वह सुबह राजस्थान बॉर्डर के पास टिकरी गांव से लाल पत्थर लादकर ला रहा था, तभी उक्त कार पीछा करते हुए पहुंची और ओवरटेक कर रास्ता रोक लिया। पैसों की डिमांड रखी गई। न देने पर ट्रैक्टर को जबरन थाने की ओर ले जाया गया। धमकाने की कोशिश की गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसी नजारे आए दिन के हैं। कागारौल क्षेत्र में खनन से जुड़ी अवैध वसूली का यह एक सुनियोजित सिस्टम बन चुका है। सवाल उठ रहे कि आखिर सीताराम नामक यह व्यक्ति कौन है? क्या वह पुलिस कर्मी है? या फर्जी अधिकारी बनकर अवैध वसूली कर रहा है? लोग यह सवाल भी उठा रहे हैं कि अगर वह पुलिसकर्मी नहीं है, तो दरोगा की टोपी उसके पास कैसे पहुंची? नंबर प्लेट क्यों हटाई गई? यदि किसी की मिलीभगत के तहत उगाही की जा रही है तो उसकी जांच की जानी चाहिए।

सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI हर खबर पर पक्की नजर

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

## अपना आगरा

बुधवार, 18 जून, 2025 www.nnindianews.com






### साल-दर-साल आगरा बेहाल

### पहली बारिश में डूबा शहर

# बारिश में बहे स्मार्ट दावे


रामबाग की गलियों में जमा पानी।


हाथी घाट पर लगा भीषण जाम।


बिजली घर पर जलभराव से गुजरते वाहन

एनएनआई

**आगरा।** स्मार्ट सिटी मंगलवार शाम को थमी-थमी सी नजर आयी। सडकें तलाबों में तब्दील हो गईं और बस्तियां टापू में बदल गईं। निचले इलाकों में घरों के अंदर पानी भर गया। लोगों के बर्तन घरों में तैरते लगे। बस्तियों में जलभराव से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पडा। महज आधा घंटे की झमाझम ने शहर को पानी-पानी कर दिया। सडकें लबालब हो गईं तो निचले इलाके पानी में डूब गए। बारिश ने नगर निगम के गाल बजाने वाले अफसरों की कलई खोल दी। नगर निगम की महापौर और नगर आयुक्त को वर्चस्व की लड़ाई से ही फुर्सत नहीं है। अपनी नाकामियों पर पर्दा डालने और रोड कटिंग से लेकर अतिक्रमण तक जुर्माना वसूलने वाला नगर निगम अब अपनी जिम्मेदारियों से बचने के लिए किस पर जुर्माना लगाएगा। महज आधे घंटे की बारिश में आलम यह था कि पूरा शहर पानी-पानी हो गया, लेकिन नगर निगम के अफसरों की लापरवाही के आंसू कहीं दिखाई नहीं दिए। ऐसी एक भी सड़क नहीं थी, जिसे गिनाया जा सके कि यहां जलभराव नहीं था। अधिकांश सड़कें और नाले-नालियों के उफनाते ही तालाब बन गईं। लोगों को संभलने का मौका नहीं मिला और उनके घरों में घुसे पानी ने पूरी गृहस्थी खराब कर दी। शहर के निचले इलाके और नालों के सहारे रहने वाले लोगों के हालात तो और ज्यादा कोढ में खाज वाले साबित हुए। शहर में बारिश से पहले जलभराव न होने देने की नगर निगम की सभी तैयारियां बारिश में बहती हुई दिखाई दीं। लोग नगर निगम की व्यवस्थाओं को कोसते हुए दिखाई दिए। वहीं अफसर मुंह छिपाते रहे।


जलभराव के बीच गुजरते लोग।




मंटोला में भरा पानी।

# सस्ती दवाओं से मरीजों को मिलेगी राहत

**विधायक डॉ. धर्मपाल सिंह ने किया प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र का उद्घाटन**



एनएनआई

**आगरा।** यमुना पार स्थित नगला देवजीत (कछपुरा मार्ग) में सोमवार को प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र का शुभारंभ भाजपा विधायक डॉ. धर्मपाल सिंह ने फीता काटकर किया। इस केंद्र के खुलने से मरीजों को 50% से 90% तक सस्ती और गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं मिलेंगी, जिससे गरीब, मजदूर और निम्न आय वर्ग को बड़ी राहत मिलेगी। शुभारंभ के बाद विधायक ने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं का हिस्सा है, जो आम जनता के लिए वरदान साबित हो रही है।

केंद्र पर 2000 से अधिक दवाएं और 300 से अधिक सर्जिकल उत्पाद उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि एत्मादपुर विधानसभा क्षेत्र में पेयजल सुधार के प्रयास जारी हैं। गंगाजल की आपूर्ति हो रही है और दो नए वाटरवर्क्स की योजना तैयार है। औषधि केंद्र संचालक संदीप सागर ने कहा कि अब मरीजों को भारी राहत मिलेगी। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने विधायक का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर अशोक सागर एडवोकेट, श्याम सिंह चाहर, डॉ. आरडी मेहरा, सुरेश पिप्पल, डॉ. विनोद वर्मा, स्वराज सिंह, जसवंत पुजारी सहित अनेक गणमान्य मौजूद रहे।

# राधा-माधव का प्रेमः भक्ति और अध्यात्म का शाश्वत संगम



एनएनआई

**आगरा।** राधा-माधव का संबंध केवल प्रेम नहीं, अपितु शाश्वत भक्ति और आध्यात्मिक मिलन का प्रतीक है। विश्व मंगल परिवार सेवा संस्थान द्वारा लोहा मंडी स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में तीन दिवसीय श्री राधा माधव रसामृत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा व्यास वृंदावन की देवी महेश्वरी श्रीजी ने कहा कि राधा भक्ति और शक्ति की प्रतीक हैं। राधा जी की कृपा से ही कृष्ण पूर्ण होते हैं। उन्होंने बताया कि वृंदावन में भगवान कृष्ण ने राधारानी को ही सरकार बनाया। श्रीजी का नाम कृष्ण को अत्यंत प्रिय है। प्रेम में दो नहीं, एकत्व होता है। "वृंदावन में घर हो मेरो..." भजन पर महिलाएं भक्ति में झूम उठीं और कथा स्थल जयकारों से गूंज उठा। मीडिया प्रभारी अजेंद्र चौहान व पवन चौधरी ने बताया कि बुधवार को राधा रानी का प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। कथा स्थल को रंगबिरंगे गुब्बारों से सजाया जाएगा। मुख्य यजमान किशोर तिवारी व करुणा तिवारी हैं। दैनिक यजमान हरेंद्र सिंह तरकर व हीरा देवी रहे। संचालन प्रतिभा जिंदल ने किया। इस अवसर पर अनेक श्रद्धालु और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# आईएसबीटी कट में होगा बदलाव, मेट्रो स्टेशन से जुड़ने को बनेगा फुट ओवरब्रिज

**आगरा (एनएनआई)।** उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (यूपीएमआरसी) अब गुरुद्वारा गुरु का ताल कट के बाद आईएसबीटी कट की डिजाइन में भी बदलाव करने जा रहा है। कट को चौड़ा कर वन-वे किया जाएगा और पास में ही पार्किंग भी विकसित की जाएगी। इसके लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से अनुमति मांगी गई है। यात्रियों की सुविधा के लिए एलिवेटेड मेट्रो स्टेशन से आईएसबीटी को जोड़ने वाला फुट ओवरब्रिज (एफओबी) भी बनाया जाएगा, जो सीधे बस अड्डे के मुख्य गेट से जुड़ा होगा। यह आगरा का पहला एफओबी होगा जो किसी बस अड्डे से जुड़ेगा। सिकंदरा तिराहा से खंदारी चौराहा तक बन रहे तीन किमी लंबे मेट्रो ट्रैक पर सबसे पहले आईएसबीटी स्टेशन का निर्माण हो रहा है। यह स्टेशन आईएसबीटी से मात्र 100 मीटर की दूरी पर बनेगा। एफओबी का निर्माण अगले माह शुरू होगा और अक्टूबर तक मेट्रो स्टेशन तैयार हो जाएगा।



# सड़क सुरक्षा पर मंडलीय बैठक: ओवरलोडिंग, दुर्घटनाएं और स्कूल बसों पर होगी सख्ती

एनएनआई

**आगरा।** मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद और मैनपुरी जनपदों की सड़क सुरक्षा व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गई। प्रमुख मुद्दों में ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई, स्कूली बसों की फिटनेस जांच, दुर्घटना रोकथाम उपाय व लाइसेंस निलंबन जैसे विषय शामिल रहे। अवगत कराया गया कि अप्रैल-मई में मंडल में 1356 ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई कर 4 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूला गया। टूण्डला और गुराउ टोल प्लाजा से डाटा न मिलने पर आयुक्त ने वहां परिवहन विभाग की टीम भेजकर सख्ती से डाटा एकत्र करने के निर्देश दिए।




आगरा मंडल में दो माह में 146 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए गए। आयुक्त ने कहा कि लापरवाही से दुर्घटना करने वालों के विरुद्ध स्थायी निलंबन हेतु मानक बनाया जाए। स्कूल बसों की समीक्षा में पाया गया कि आगरा में 44 स्कूल बसों और 134 निजी वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। अब चारों जिलों में सभी बसों की फिटनेस की जांच अनिवार्य होगी। गुड सेमेरिटन योजना के तहत दो घायलों की मदद करने वालों को 25,000 रुपये का इनाम दिया गया। आयुक्त ने योजना का अधिक प्रचार कराने, पोस्टमार्टम हाउस और अस्पतालों के बाहर बैनर लगाने के निर्देश दिए।

ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती दुर्घटनाओं पर चिंता जताते हुए सभी ब्लैक स्पॉट चिह्नित कर सड़क मरम्मत और साइनेज की व्यवस्था करने का आदेश दिया गया। डीआईजी शैलेश कुमार पांडेय ने जागरूकता अभियान को कॉलोनियों तक ले जाने और आईटीएमएस के डेटा के बेहतर उपयोग पर बल दिया।

# सीए सदस्यों ने किया सेवा कार्यः गोसेवा, पक्षियों को दाना, बच्चों को बांटी शिक्षण सामग्री

एनएनआई



**आगरा।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की आगरा शाखा द्वारा 77वें सीए स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को सामाजिक सेवा कार्यक्रम आयोजित किए गए। शाखा अध्यक्ष सीए गौरव सिंघल ने बताया कि सीए माह के अंतर्गत सदस्यों ने सेवा को सर्वोच्च धर्म मानते हुए कई पहल कीं। कार्यक्रम की शुरूआत वाटर वर्क्स स्थित अग्रवन गोशाला में गोमाताओं को ताजा हरा चारा और सब्जियां खिलाकर हुई। इसके बाद 'एक पहल पाठशाला' दयालबाग में जरूरतमंद बच्चों को किताबें, कॉपियां और भोजन वितरित किया गया। बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। भीषण गर्मी में प्यासे पक्षियों की चिंता करते हुए सीए सदस्यों ने कोठी मीना बाजार स्थित पक्षी संरक्षण केंद्र में दाना-पानी की व्यवस्था की। कार्यक्रम में सीए अंकित मित्तल (सचिव), करन पंजवानी (कोषाध्यक्ष), सिकासा अध्यक्ष आयुष गोयल, गौरव बंसल, साक्षी जैन, आलोक अग्रवाल, आशीष जैन, विवेक जैन, लोकेश गर्ग, रोहित जैन सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। सभी ने मिलकर समाजसेवा का संदेश दिया।

# कमला नगर में गूंजेगा 'जय श्रीराम'

एनएनआई



**आगरा।** कमला नगर में 17 से 21 सितंबर तक आयोजित होने जा रहे श्रीराम जनकपुरी महोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। समाजसेवी मुरारी प्रसाद अग्रवाल के अध्यक्ष बनने के बाद महोत्सव समिति का विस्तार शुरू हो गया है। मंगलवार को सेलिब्रेशन रेस्टोरेंट में आयोजित बैठक में राज्यसभा सांसद नवीन जैन को मुख्य संरक्षक और वरिष्ठ समाजसेवी राकेश गर्ग को मार्गदर्शक नियुक्त किया गया। स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में संयोजक राकेश मंगल की घोषणा के अनुसार, उद्यमी राजेश अग्रवाल को राजा जनक की भूमिका के लिए चुना गया। घोषणा होते ही 'जय श्रीराम' के गगनभेदी नारों से सभागार गूंज उठा। बैठक में नवीन जैन ने कहा कि जनकपुरी महोत्सव रामराज्य के मूल्यों को समाज तक पहुंचाने का माध्यम है। राकेश गर्ग ने आयोजन की गरिमा और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर राम रतन मित्तल, विजय अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, कमल मित्तल, मनोज सिंघल, हरिओम शर्मा सहित कई प्रमुख गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। महोत्सव समिति ने आयोजन को भव्य, भक्ति से परिपूर्ण और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बनाने का संकल्प लिया।

# सेवानिवृत्ति के बाद भी राष्ट्रसेवा में जुटे कर्नल दुबे, युवाओं को बना रहे सैन्य अधिकारी

एनएनआई



**आगरा।** भारतीय सेना में 36 वर्षों तक सेवा देने के बाद 2009 में सेवानिवृत्त हुए कर्नल उमेश चंद्र दुबे देश की सेवा को अब नए रूप में निभा रहे हैं। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी के रूप में 6 वर्षों तक सेवा देने के बाद भी उन्होंने खुद को 'रिटायर्ड' नहीं माना। 2015 में अंतिम सेवा से अवकाश लेने के पश्चात वे अब युवाओं को सेना में अधिकारी बनने के लिए निःशुल्क मार्गदर्शन दे रहे हैं।

अपने आवास पुष्पांजलि वाटिका, सिकंदरा पर कर्नल दुबे ने हाल ही में कमीशन प्राप्त युवाओं का स्वागत किया। इनमें मथुरा के चित्रेश चौधरी और बिहार के प्रताप सिंह वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर बने हैं। योगेश्वर मीना ने सीआईएसएफ में उप निरीक्षक के रूप में प्रशिक्षण पूर्ण किया है। पिछले 10 वर्षों में उनके मार्गदर्शन से 45 से अधिक युवा सैन्य अधिकारी बन चुके हैं। उनके शिष्य रुद्र प्रताप सिंह और रितिक बंसल वायुसेना में फाइटर व हेलिकॉप्टर पायलट का प्रशिक्षण ले रहे हैं। अगली पंक्ति में श्रेयांश तिवारी, प्रलभ व हरीओम जैसे युवा हैं जो आगामी प्रशिक्षण के लिए चयनित हो चुके हैं। कर्नल दुबे युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बन चुके हैं।

## कॉमरेड रमेश मिश्रा की पुण्यतिथि पर गोष्ठी आयोजित

एनएनआई



**आगरा।** वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता कॉमरेड रमेश मिश्रा की पंचम पुण्यतिथि पर मंगलवार को यूथ हॉस्टल, संजय प्लेस में श्रद्धांजलि सभा व विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा मिश्रा जी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर हुई। इप्टा के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव दिलीप रघुवंशी ने मिश्रा जी का परिचय पढ़ा, जबकि नीरज मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत माला पहनाकर किया। गोष्ठी का विषय था–'दुनिया को चाहिए अमन तो जंग किसे चाहिए: अंतरराष्ट्रीय राजनीति में बदलाव'। मुख्य वक्ता विनीत तिवारी ने वैश्विक युद्ध स्थितियों को खतरनाक बताते हुए कहा कि शांति की चाह रखने वाली दुनिया को युद्ध की जरूरत किसे है, यह गंभीर प्रश्न है। अध्यक्षता कॉमरेड एन.एस. श्रीवास्तव ने की और कहा कि भारत मूलतः शांति और सद्भाव का देश है। कॉमरेड ओम प्रकाश प्रधान, पूरन सिंह, डॉ. जे.एन. टंडन ने भी विचार व्यक्त किए। इप्टा आगरा के संगीत निर्देशन में नाट्यगीतों के माध्यम से का. रमेश मिश्रा को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का संचालन दिलीप रघुवंशी ने किया व आभार का. धर्म जीत ने व्यक्त किया।

# स्पेन में मुरारी लाल गोयल 'पेंट वालों' को अंतरराष्ट्रीय कंसाई सेवा रत्न सम्मान

एनएनआई




**आगरा।** उद्योग, समाज सेवा और जीवन रक्षा जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए आगरा के प्रमुख उद्यमी व समाजसेवी पार्षद मुरारी लाल गोयल 'पेंट वालों' को उनकी धर्मपत्नी संग अंतरराष्ट्रीय कंसाई सेवा रत्न सम्मान से स्पेन के बार्सिलोना में सम्मानित किया गया। सेवा आगरा के संस्थापक गोयल ने 'हेलमेट लगाओ, जीवन बचाओ', पर्यावरण संरक्षण और गोसेवा का संदेश अंतरराष्ट्रीय मंच से दिया। कार्यक्रम में भारत, नेपाल, भूटान सहित विभिन्न देशों के 300 पेंट डीलरों ने भाग लिया। सम्मान समारोह में कंसाई नैरोलैक के प्रबंध निदेशक प्रवीण डी. चौधरी समेत कंपनी के शीर्ष अधिकारी मंच पर उपस्थित रहे। अपनी 11 दिवसीय यात्रा के दौरान मुरारी लाल गोयल ने कनाडा, स्पेन और इटली में स्वच्छता, ड्रेनेज सिस्टम, पर्यावरण संरक्षण और स्मार्ट सिटी प्रबंधन जैसी व्यवस्थाओं का अध्ययन किया। उनका उद्देश्य–इन अनुभवों को आगरा के विकास में लागू करना है। गोयल ने कहा कि वह आगरा को हरा-भरा, स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित बनाने के लिए संकल्पित हैं।

# लॉयंस क्लब प्रयास ने दिखाया सेवा भाव, महिला चिकित्सालय को दिए चार कूलर

एनएनआई



**आगरा।** सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए लॉयंस क्लब प्रयास ने लेडी लायल जिला महिला चिकित्सालय में नव प्रसूताओं की सुविधा के लिए चार बड़े कूलर भेंट किए। यह सेवा कार्य लायंस क्लब इंटरनेशनल के पूर्व इंटरनेशनल डायरेक्टर जितेंद्र चौहान और वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अजय भार्गव की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

जितेंद्र चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सामाजिक संस्थाओं को जनसेवा में सहभागी बनने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। लॉयंस क्लब उसी भावना से यह कार्य कर रहा है ताकि जिला महिला चिकित्सालय को आदर्श अस्पताल बनाया जा सके। क्लब अध्यक्ष आशु मित्तल ने बताया कि यह सेवा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता चौहान के मार्गदर्शन में की गई है।

क्लब आगे भी अस्पताल को आवश्यक चिकित्सा उपकरण व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराता रहेगा। अस्पताल की प्रमुख अधीक्षक डॉ. रचना गुप्ता ने क्लब का आभार जताया। इस अवसर पर मनीष बंसल, डॉ. परिणीता बंसल, आशु जैन समेत क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।


## ट्रेड मार्क/कॉपी राइट चेतावनी




समस्त पेठा निर्माताओं/विक्रेताओ को सूचित किया जाता है कि वह हमारे मुवक्किल **पंछी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड** एवं **पंछी पेठा स्टोर**, नूरी दरवाजा, आगरा के जाने पहचाने नाम **पंछी ब्रांड** व **लेवल** का नकल करना व उससे मिलते जुलते नाम का दुरुपयोग करना बंद कर दें अन्यथा उनके विरूद्ध ट्रेड मार्क, कॉपी राइट एक्ट की भिन्न-भिन्न धाराओं के तहत सिविल व क्रिमिनल की कानूनी कार्यवाई की जाएगी, जिसके समस्त हर्जे-खर्चे की स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**पंछी पेठा स्टोर www.panchhipetha.com**

**हैड ऑफिस :** भगत सिंह द्वार नूरी गेट, आगरा 02 मो. 7055500772

**पंछी पेठा स्टोर, आगरा की अपनी शाखायें :**

- धौलपुर हाउस (इम्पीरियल होटल के सामने) छीपीटोला, आगरा-मो. 7055500773
- रमाडा होटल से 340 मी. पहले टी.डी.आई. सिटी तथा जलसा रिसोर्ट के सामने, आगरा - मो. 9837022955
- पुष्पविला होटल के सामने (कलाकृति के पास), फतेहाबाद रोड, आगरा- मो. 8193085608
- सौदागर लाइन, सदर बाजार, पवन होटल के नीचे, आगरा-मो. 7055500774
- आतम मार्केट, नौलक्खा क्रॉसिंग, सदर बाजार, आगरा-मो. 7055500775
- कैला देवी ढ़ाबा के बगल में नोयडा एक्सप्रेस-वे के पास छलेसर रोड, आगरा-मो. 9634298943
- पाठक प्रेस, पूर्वी गेट, ताजमहल के पास, आगरा-मो. 9997644141

**दिल्ली शाखायें :**

- शॉप नं. 101, कनॉट पेलेस, आउटर सर्किल हल्दीराम शोरूम के सामने, नई दिल्ली-मो. 011-23327171
- शॉप नं. 2365, मैन रोड रोड, वैस्ट पटेल नगर, मैट्रो पिलर 215, नई दिल्ली-मो. 011-25702714

**Advocate Manish Agarwal Jolly**
M/S Chunna Babu Vinesh kumar Advocate & Co ( Estd 1951)
Trademark - Copyright Registration & Litigation Experts
Mob.: 98972-24192 96750-66606

# मगरमच्छों का कुनबा हुआ दो गुना

एनएनआई



**बाह।** आईयूसीएन की संकट ग्रस्त प्रजातियों में शामिल मगरमच्छ की संरक्षण की परियोजना अपने देश में 1975 में शुरू हुई थी। परियोजना की स्वर्ण जयंती पर चंबल सेंक्चुअरी में मगरमच्छ का 9 साल में कुनबा 2 गुने से ज्यादा हो गया है। एमपी, यूपी,राजस्थान में होकर बहने वाली चंबल नदी को दुर्लभ हुए घड़ियाल और मगरमच्छ के संरक्षण के लिए चुना गया था। 1981 में संरक्षण की परियोजना शुरू हुई। विश्व मगरमच्छ दिवस 2017 से हर साल 17 जून को मनाया जा रहा है। आयोजन के 9 वे साल में चंबल सेंक्चुअरी में मगरमच्छ 454 से बढ़ कर 928 होना बेहद उत्साहजनक माना जा रहा है। बाह रेंजर उदय प्रताप सिंह ने बताया कि जागरुकता और वन विभाग की मेहनत से घड़ियाल और मगरमच्छ की परियोजना फलीभूत हुई है। विश्व मगरमच्छ दिवस पर मंगलवार को वन विभाग ने बाह रेंज में लोगों को मगरमच्छ के संरक्षण के प्रति जागरुक करने और हमले से बचने के लिए सतर्क करने में बिताया। घड़ियाल के बाद मगरमच्छ की होने वाली हैचिंग को लेकर भी रणनीति बनाई। हैचिंग पीरियड में हुए हमलों को लेकर तटवर्तीय लोगों को नदी क्षेत्र में न जाने के लिए हिदायत भी दी गई है।

# देव बाबा मंदिर की बुर्जी पर गिरी आकाशीय बिजली

एनएनआई



**फतेहपुर सीकरी।** राजस्थान सीमा से सटे ग्राम सिरौली में पहाड़ी पर स्थित सौ फीट ऊंची देव बाबा मंदिर की बुर्जी के कलश पर आकाशीय बिजली गिरने से कलश नीचे गिर गया जिससे बुर्जी क्षतिग्रस्त हो गई। बता दें मंगलवार अपराहन तेज बिजली की गड़गड़ाहट के साथ हुई बारिश के चलते ग्राम सिरौली में पहाड़ी पर स्थित प्राचीन देव बाबा के मंदिर की 50 फीट ऊंची बुर्जी के ऊपर लगे कलश पर आकाशीय बिजली गिरने से बुर्जी क्षतिग्रस्त हो गई। पूर्व प्रधान अजीत सिंह ने बताया कि प्राचीन देव बाबा के मंदिर का जीर्णोद्धार वर्ष 2018 में कराया गया था। मंदिर 40 फीट ऊंची पहाड़ी पर स्थित है तथा 50 से 60 फीट ऊंची बुर्जी पर कलश स्थापित था। जिस पर आकाशीय बिजली गिरने से वह क्षतिग्रस्त हो गया है।

# आकाशीय बिजली गिरने से दंपति की मृत्यु

एनएनआई

**जैतपुर।** मंगलवार शाम को जैतपुर के चित्राहाट थाने के पई गांव में खेत पर काम करने गए पति-पत्नी की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो गई है। दंपति की मृत्यु पर घर में कोहराम मच गया है। पुलिस व प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच कार्रवाई कर रही है। पई गांव के 45 वर्षीय हरिसिंह किसान मंगलवार शाम को अपनी पत्नी कांति उम्र व अन्य के साथ कटर पर दलहन निकालने के लिए मूंग को इकट्ठा कर रहे थे। शाम 7 बजे के करीब हल्की बारिश होने पर पति-पत्नी वहां पड़ी चारपाई पर बैठ गए। अचानक बिजली कड़की और एक साथ बैठे दंपति पर गिरने से उनका शरीर बुरी तरह झुलसने से मौके पर ही मृत्यु हो गई। पति-पत्नी की मृत्यु पर घर में कोहराम मच गया। मृतक दंपति अपने पीछे पुत्र प्रशांत 17 वर्ष बेटी संगम 14 वर्ष पुत्र सोमराज 12 वर्ष को छोड़ गए। मृतक की बड़ी बेटी सोनम की शादी हो चुकी है। बच्चों के सिर से माता पिता का साया हटने से वे अनाथ हो गए हैं। पुलिस ने शव कब्जे में ले पोस्टमार्टम को भेजा जा रहा है। एस ओ रुद्ध प्रताप सिंह ने बताया मंगलवार को दंपति मजदूरी करने गए थे। उसी दौरान हादसे के शिकार हो गए। ग्रामीणजनों ने शासन प्रशासन से मृतक के परिवार को आर्थिक मदद देने की मांग की है।

# माता-पिता की पूजा से बड़ी कोई पूजा नहीं-पंडित उमाकांत शास्त्री






एनएनआई

**जैतपुर।** कस्बा क्षेत्र के गांव पहाड़पुरा में स्थित लोधेश्वर महादेव के प्रांगण में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिन राष्ट्रीय व्यास पंडित उमाकांत शास्त्री जी महाराज ने भगवान के प्यारे भक्त प्रहलाद की कथा सुनाई। जिसमें भागवत आचार्य पंडित श्री उमाकांत शास्त्री जी ने कहा कि भक्ति में इतनी शक्ति है की भक्त प्रहलाद की भक्ति की शक्ति को देखकर स्वयं भगवान को उनकी रक्षा के लिए आना पड़ा लेकिन आज के समय में इंसान अपने माता-पिता से ही प्रेम नहीं कर रहा है तो उसे ईश्वर कहां मिलेंगे । भागवत आचार्य श्री उमाकांत जी ने कहा की भगवान ने कथा में कहा है कि कलयुग में सबसे बड़ी पूजा माता-पिता की सेवा है इस कलयुग में जिस घर में माता-पिता के चेहरे पर खुशी दिखे समझ लो वहां हरिका वास है। भागवत कथा मंच से आचार्य श्री शास्त्री जी ने कहा की हर व्यक्ति को अपने जीवन में अधिक से अधिक भजन और क्षमता के अनुरूप दान करते रहना चाहिए जिससे उसके द्वारा जाने अनजाने में हुए पापों से मुक्ति मिल जाती है। भागवत कथा में परीक्षित रामसेवक नरवरिया एवं सावित्री देवी एवं यज्ञपती संजू तिवारी एवं रेखा तिवारी पूर्व जिला पंचायत ने सभी क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कथा पंडाल में पहुंचकर कथा को सुनकर उसका अनुसरण करने की बात कही है।

# पूर्व ब्लाक प्रमुख की जमीन पर दबंगों का कब्जा

**पिनाहट** एनएनआई। थाना पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत गांव दौलतपुरा में दबंगों ने पूर्व ब्लाक प्रमुख की जमीन पर दबंगई गुंडई व अवैध मंच के बल पर कब्जा कर लिया। पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने इसका विरोध किया तो दबंगों ने तमंचा लहराते हुए परिवार सहित जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित ने थाना पिनाहट में लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है।वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है जानकारी के अनुसार थाना पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत गांव दौलतपुरा निवासी पूर्व ब्लाक प्रमुख उषा देवी पत्नी श्री रामसनेही कौशल ने थाना पिनाहट में लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए पुलिस को बताया कि पड़ोस के ही दबंग उसकी जमीन पर दबंगई,गुंडई व अवैद्ध तमंचे के बल पर अवैध कब्जा करने में जुटे हुए हैं। पीड़िता ने जब इसका विरोध किया तो दबंग उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपी पर उतारू हो गए। पीड़िता ने जब पुलिस में शिकायत करने की बात की तो दबंगों ने तमंचा लहराते हुए पीड़िता को परिवार सहित जान से मारने की धमकी दीं है। पीड़िता ने थाना पिनाहट में लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि दबंगों ने गांव के चक मार्ग पर भी अवैध रूप से कब्जा कर लिया है।वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# शराब तस्करी में पिता-पुत्र गिरफ्तार

एनएनआई



**बाह।** गाजियाबाद से चुराई गई एंबुलेंस से शराब तस्करी के मामले का मेरठ पुलिस ने भांडा फोड़ किया है। शराब तस्करी के आरोप में जैतपुर के नहटौली गांव के पिता विनोद सिंह, उनके पुत्र प्रताप सिंह समेत 3 को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। एसपी सिटी मेरठ आयुष विक्रम सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि मेरठ की लोहिया नगर पुलिस ने एंबुलेंस समेत 3 लोग सोमवार को गिरफ्तार किए थे। पुलिस के मुताबिक नहटौली गांव के विनोद सिंह और उनके पुत्र प्रताप सिंह ने गाजियाबाद के सिहानी गेट क्षेत्र से 15 जून को एंबुलेंस चोरी की थी। 16 जून को दोनों लोहिया नगर के घोसीपुर तिराहे पर चोरी की गई एंबुलेंस की नंबर प्लेट कुढला मुडाली के फरमान से बदलवा रहे थे। पुलिस तीनों को एंबुलेंस समेत पकड़ कर थाने ले आई। पूछताछ में बताया कि राजस्थान की नंबर प्लेट हटवा कर बिहार की प्लेट लगाई थी। बिहार में एंबुलेंस से शराब की तस्करी करनी थी। एंबुलेंस में पकड़े जाने का रिस्क नहीं रहता है। लेकिन पुलिस ने शराब की तस्करी से पहले ही गिरोह का भांडा फोड़ कर दिया।

# अवैध तरीके से रजिस्ट्री कराने पर हुआ मुकदमा दर्ज

एनएनआई

**पिनाहट।** फर्जी फोटो और साइन बनाकर जमीन की रजिस्ट्री कराने के मामले में कमिश्नर के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना पिनाहट के कस्बा भदरोली के कुमेर सिंह ने? कमिश्नर से शिकायत की। कि चार मई को जब वह तहसील में अपने खेत की खतौनी निकलवाने गया तो पता चला कि उसकी गाटा संख्या किसी और के नाम पर आ रही है। जब उसने पता किया तो पता लगा कि उसकी जमीन? भदरोली के स्वर्गीय झलकों देवी,सुनील कुमार और थाना मनसुखपुरा के सेहा के रमेश बाबू ने फर्जी फोटो और साइन बनाकर कर ली हैं। कमिश्नर के आदेश पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## संपादकीय

# बस आंकड़ों का फेर है

विश्व बैंक ने बीते हफ्ते गरीबी मापने के अपने पैमाने को अपडेट किया है।अब 2021 की पीपीपी के आधार पर रोजाना खर्च क्षमता को तीन डॉलर कर दिया गया है। पहले यह पैमाना 2017 की परचेजिंग पॉवर पैरिटी (पीपीपी) आधारित प्रति दिन 2.15 डॉलर खर्च क्षमता था।इसका परिणाम हुआ कि पहले जहां दुनिया की नौ प्रतिशत आबादी गरीब समझी जाती थी, अब ये संख्या 10.5 प्रतिशत हो गई है। उन डेढ़ प्रतिशत लोगों की कल्पना करें। बीते हफ्ते के आरंभ तक वे अत्यंत गरीबी की श्रेणी में नहीं थे, लेकिन सप्ताह खत्म होते-होते उनका दर्जा बदल गया! जीवन स्तर या उपभोग क्षमता में बिना किसी परिवर्तन के श्रेणी बदल जाए। यही विश्व बैंक जैसी संस्थाओं का चमत्कार है। भारत की बात करें तो 2.15 डॉलर के पैमाने पर तीन करोड़ 37 लाख लोग (2.4 प्रतिशत आबादी) अत्यंत गरीब थे। अब ये संख्या सात करोड़ 52 लाख (5.3 प्रतिशत) हो गई है। वैसे, ध्यानार्थ है कि विश्व बैंक ने 2022 के भारत सरकार के उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण (सीईएस) से सामने आए आंकड़ों को आधार बनाया है। उस सर्वेक्षण के दौरान नरेंद्र मोदी सरकार ने सर्वे की विधि और कसौटियां दोनों बदल दी थीं। फिर भी कहा गया है कि 2011-12 में तीन डॉलर के पैमाने पर 27 फीसदी आबादी गरीब थी, जबकि अब 5.3 प्रतिशत बची है। जबकि तमाम विशेषज्ञ सहमत हैं कि बदली विधि एवं पैमानों के कारण उस समय के सर्वे की ताजा आंकड़ों से तुलना नहीं हो सकती। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया ने विश्व श्रम संगठन (आईएलओ) की सामाजिक सुरक्षा समीक्षा बैठक में भारत सरकार का पक्ष रखते हुए जेनेवा में कहा है कि भारत सरकार आज 94 करोड़ यानी अपने 64.3 प्रतिशत नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा दे रही है। मंडाविया के मुताबिक 2019 तक सिर्फ 24.4 प्रतिशत नागरिकों को ऐसी सुरक्षा प्राप्त थी। स्पष्टतः 40 फीसदी नए लोगों जो सामाजिक सुरक्षा मिली, वह हर महीने पांच किलोग्राम मुफ्त अनाज की है। ये योजना कोरोना काल में तात्कालिक राहत देने के लिए शुरू की गई थी। लेकिन वो इस कदर वोट जुटाऊ साबित हुई कि पहले उसकी अवधि बढ़ाई गई। और अब उसे हमेशा के लिए लागू कर दिया गया है। बहरहाल, इसी मौके पर आईएलओ ने यूनिसेफ के साथ मिल कर तैयार बाल मजदूरी पर अपनी एक रिपोर्ट जारी की। उसमें बताया गया कि भारत में पांच से 14 वर्ष उम्र के तकरीबन एक करोड़ बच्चे मजदूरी करने के लिए मजबूर हैं। इस क्षेत्र में कार्यरत गैर-सरकारी संगठनों के मुताबिक असल में ये संख्या इससे कहीं ज्यादा है। अक्सर ये बच्चे कृषि, कंस्ट्रक्शन, पारिवार संचालित उद्यमों में और घरेलू सेवक के रूप में काम करते हैं, जिनकी कभी भरोसेमंद गिनती नहीं हुई है।और ये हकीकत है सरकार की तमाम सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बावजूद! वैसे दो तिहाई आबादी की रोजमर्रा की जिंदगी सरकारी अनाज या कैश ट्रांसफर से चलती हो, तो क्या किसी सरकार को इसे अपनी उपलब्धि बताना चाहिए? या इसे भारत की राष्ट्रीय परियोजना की घोर नाकामी का सबूत माना जाएगा? दरअसल, यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है, जिसका दोष राष्ट्रीय प्राथमिकताओं, अपनाई गई आर्थिक नीतियों, और राजनीतिक संकल्प के अभाव पर जाता है। मुद्दा यह है कि क्या देश में ऐसी जमीन तैयार करने का लक्ष्य अब पूरी तरह भुला दिया गया है, जिस पर खड़े होकर लोग अपनी प्रतिभा और मेहनत से आत्म-सम्मान की जिंदगी हासिल सकें?मुद्दा है कि आंकड़ों के ऐसे हेरफेर से क्या वंचित लोगों की जिंदगी बदल जाएगी? क्या जिस बुनियादी अभाव एवं असुरक्षाओं में वे जीते हैं, उनमें सुधार हो जाएगा? मगर आंकड़े बनाने वालों का वह मकसद भी नहीं है। सरकार हो या विश्व बैंक- उनकी कोशिश यह है कि जिन नीतियों के वे पैरोकार हैं, लोगों की निगाह में उनका औचित्य बना रहे। इसलिए उनकी कसौटी अनिवार्य पौष्टिकता, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, परिवहन, स्वच्छता आदि की उपलब्धता नहीं होती। वे पीपीपी आधारित खर्च क्षमता का ऐसा आंकड़ा- जाल बुनते हैं कि आसान बात को भी समझना आम इंसान के लिए मुश्किल बना रहता है।

### इस्लामिक आर्मी बनाने का ईरान का प्रस्ताव

# ख्वाब या हकीकत

## आगरा के पूर्व सैन्य अधिकारियों का विश्लेषण



मध्य-पूर्व में ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने एक नई 'इस्लामिक आर्मी' गठित करने का प्रस्ताव रखा है। इस प्रस्ताव में तुर्की, पाकिस्तान और अन्य मुस्लिम देशों को शामिल कर इजरायल के विरुद्ध सामूहिक सैन्य मोर्चा खोलने की बात कही गई है। यह प्रस्ताव कितना व्यवहारिक है? क्या यह मुस्लिम जगत की एकता की ओर संकेत करता है या केवल एक भावनात्मक और राजनीतिक बयान है? पूर्व सैन्य अधिकारी संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष कर्नल जी.एम. खान ने बताया की इन सवालों पर आगरा के वरिष्ठ पूर्व सैन्य अधिकारियों ने एक परिचर्चा में अपने विचार रखे।

**कर्नल जी.एम. खान, सेना मेडल:**

इस प्रस्ताव को सैन्य गठबंधन से अधिक एक राजनीतिक संदेश के रूप में देखा जाना चाहिए। मुस्लिम देशों के बीच वैचारिक मतभेद, परस्पर विरोधी रणनीतिक हित और गुटबाजी इस तरह के किसी भी गठबंधन को व्यवहार में लाने से रोकते हैं। हालांकि, यह प्रस्ताव एक विचारधारा को जन्म देता है, लेकिन यह फिलहाल केवल कूटनीतिक बयान भर है।

**कर्नल रणबीर सिंह सोढ़ी:**

इस्लामिक आर्मी एक कोरी कल्पना है। सऊदी अमेरिका पर निर्भर है, ईरान आंतरिक संकटों से घिरा है, तुर्की ठअळड में है और पाकिस्तान आर्थिक संकट में डूबा है। ऐसे असमान और असहमत देशों में कोई साझा सेना बनना असंभव है। यह एक भावनात्मक नारा है, न कि रणनीतिक यथार्थ।

**कमांडर राम मोहन शर्मा:**

यह सोच पूरी दुनिया को धार्मिक आधार पर बाँटने की कोशिश है। अगर इनमें से एक देश के पास परमाणु हथियार हैं, तो इससे वैश्विक शांति को गहरा खतरा हो सकता है। यह प्रस्ताव मानवता के विरुद्ध कदम माना जाएगा।

**कैप्टन सुरेंद्र रावत:**

सेनाएं राष्ट्र की रक्षा के लिए होती हैं, मजहबी एजेंडा थोपने के लिए नहीं। इस्लामिक आर्मी जैसी संरचना केवल नफरत, हिंसा और अस्थिरता को जन्म देगी। यह विचार वैश्विक शांति के लिए अत्यंत घातक है।

**कर्नल राजेश मालीवाल:**

अगर धर्म एकजुट करने वाला होता तो आज 50 से अधिक मुस्लिम देशों की जगह एक ही खिलाफत होती। इन देशों के सांस्कृतिक, सामाजिक व राजनीतिक मतभेद इतने गहरे हैं कि एक साझा सेना की कल्पना भी नहीं की जा सकती। ईरान का यह प्रस्ताव एक हताश राजनीतिक प्रयास दिखता है।

**कर्नल ए.एम. नायडू:**

इतिहास साक्षी है कि राशिदुन से उस्मानी खिलाफत तक हर इस्लामी शासन अंततः आंतरिक कलह से बिखरा। आज भी मुस्लिम राष्ट्र शिया-सुन्नी विभाजन और वैश्विक ध्रुवीकरण में उलझे हैं। नेतृत्व, उद्देश्य और ढांचे की अस्पष्टता इसे असंभव बनाती है।

**कर्नल जे.एस. मनराल:**

अधिकांश इस्लामी देश तानाशाही शासन वाले हैं और जनता के विरोध से भयभीत रहते हैं। मौसाद और सीआईए जैसे संगठन इनके लिए संकट खड़ा कर सकते हैं, इसलिए ये देश अपने-अपने शासन की रक्षा में लगे रहते हैं। अरब स्प्रिंग की विफलता इसका प्रमाण है।

**कर्नल एन.के. चतुर्वेदी:**

यह प्रस्ताव डकउ को सैन्य रूप देने की कोशिश जैसा लगता है, पर OIC देशों के बीच वैचारिक और रणनीतिक मतभेद इसे अव्यवहारिक बना देते हैं। आम नागरिक कभी ऐसी सेना का समर्थन नहीं करेगा, जो उनके देश में सैन्य शासन और दमन का कारण बन सकती है।


परिचर्चा में सभी पूर्व सैन्य अधिकारी के इस बात पर एकमत दिखे कि ईरान का यह प्रस्ताव एक भावनात्मक और राजनीतिक बयान के रूप में तो देखा जा सकता है, लेकिन व्यवहारिक धरातल पर यह न तो संभव है और न ही स्वीकार्य। मुस्लिम देशों के आंतरिक मतभेद, वैश्विक गठबंधन, और जनता की आकांक्षाएं किसी 'इस्लामिक आर्मी' जैसी विचारधारा को अमल में आने से पहले ही खारिज कर देती हैं।

# वेदों में बताया गया है सरस्वती नदी को सबसे अधिक पवित्र और पूजनीय

भारत में कई नदियों को पवित्र और पापनाशिनी माना गया है। अभी सबसे अधिक लोकप्रिय नदी गंगा है लेकिन क्या आप जानते हैं कि वेद में किस नदी को सबसे अधिक पवित्र माना गया है और उस नदी की क्या-क्या खासियतें बताई गयी हैं वेदों में, विशेष से ऋग्वेद, में कई नदियों का उल्लेख मिलता है, लेकिन जिस नदी को सबसे पवित्र और खास बताया गया है, वो गंगा नहीं बल्कि सरस्वती है। सभी वैदिक ग्रंथों में सरस्वती को सबसे पवित्र और दिव्य नदी बताया गया है। उसे गंगा से भी अधिक पवित्र और पूजनीय नदी के रूप में वर्णित किया गया है। वेदों में सरस्वती को नदीतमा कहा गया है। वेदों में इसका महिमामंडन किस तरह किया गया है, चलिए जानते हैं...ऋग्वेद में सरस्वती नदी का उल्लेख- ऋग्वेद के एक श्लोक में सरस्वती नदी के बारे में कुछ इस प्रकार बताया गया है -इमं मे गङ्गे यमुने सरस्वती शुतुद्रि स्तोमं सचता परूष्ण्या। इऋण्मे जह्नवो वितस्तयार्यण्या शृणुह्या सुषोमया। इस ऋचा में कई नदियों का नाम आता है, परंतु सरस्वती को विशेष रूप से शक्तिशाली, जीवनदायिनी और ज्ञानवर्धक नदी के रूप में प्रस्तुत किया गया है। ऋग्वेद में सरस्वती को नदीतमा, अर्थात सर्वश्रेष्ठ नदी कहा गया है। वेदों के अनुसार, सरस्वती केवल भौगोलिक नदी नहीं, बल्कि ज्ञान, वाणी और संस्कृति की अधिष्ठात्री देवी का भी नाम है। वेदों में उल्लेख है कि सरस्वती पृथ्वी, आकाश और पाताल, तीनों में प्रवाहित होती हैं। यह उन्हें दिव्य बनाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, अनेक वैदिक यज्ञ सरस्वती तट पर हुए। ऋषि विश्वामित्र, वसिष्ठ, भरद्वाज आदि ने सरस्वती की स्तुति की है। हालांकि, सरस्वती के अलावा गंगा की महिमा भी पुराणों और महाभारत में विशेष रूप से वर्णित है, परंतु वेदों में इसका उल्लेख सरस्वती से कम है। वेदों और पुराणों के अनुसार, सरस्वती नदी की उत्पत्ति हिमालय पर्वत क्षेत्र से मानी जाती है। यह नदी पश्चिम दिशा की ओर बहती हुई अंततः मरुस्थलीय क्षेत्र (राजस्थान) में गोपथ या विनाश क्षेत्र में लुप्त हो गई। स्थानीय मान्यताओं में उत्तराखंड के यमुनोत्री क्षेत्र के पास आदि बद्री को सरस्वती नदी का मूल स्रोत माना जाता है। यहाँ एक सरस्वती कुंड है, जिससे नदी निकलती थी, और इसे वैदिक सरस्वती की शुरुआत मानी जाती है। कुछ ग्रंथों के अनुसार सरस्वती का उद्गम श्रीकंठ या सप्तसृंग पर्वत से भी माना जाता है। हालांकि, सरस्वती एक वास्तविक नदी होने के बावजूद अब सूख चुकी है। स्कंद पुराण और महाभारत जैसे ग्रंथों में कहा गया है कि कलियुग में सरस्वती नदी पृथ्वी से अदृश्य हो जाएगी। सरस्वती अब भूमिगत (गुप्त रूप) में प्रवाहित मानी जाती है। यह पाप-प्रभावी कलियुग में स्वयं को संसार की दृष्टि से छिपा लेती है क्योंकि यह एक पवित्र और दिव्य शक्ति है। कलियुग में सरस्वती नदी को गुप्त सरस्वती कहा गया है, जो त्रिवेणी संगम में भूमिगत रूप में बह रही है। आज वैज्ञानिक सरस्वती के प्रकट मार्गों की खोज में लगे हुए हैं। राजस्थान, हरियाणा, पंजाब में घग्घर-हकरा नदी को सरस्वती का शुष्क रूप माना जाता है। पद्म पुराण और नारद पुराण में कहा गया है कि कलियुग में जब पुण्य करना कठिन हो जाएगा, तब सरस्वती के तट पर स्नान, जप और ध्यान करने से सौ यज्ञों के बराबर फल मिलेगा।



# 'पाताल लोक' फेम जयदीप अहलावत ने दो महीनों के भीतर खरीदा दूसरा आशियाना



एक्टर जयदीप अहलावत बॉलीबुड इंडस्ट्री के जाने माने एक्टर्स की लिस्ट में शामिल हैं। उन्होंने फिल्मों और सीरीज में अपने दमदार किरदार से लोगों का खूब दिल जीता है। पाताल लोक में 'हाथीराम चौधरी' का किरदार हो या फिर जाने जान में एक सनकी प्रोफेसर आशिक या फिर ज्वेल थीफ में गैंगस्टर, जयदीप हर किरदार में खरे उतरे हैं। फैंस के दिलों में राज करने वाले ये एक्टर अब मुंबई में अपनी धाक जमा रहे हैं। एक्टर ने हाल ही में दो महीनों के भीतर मायानगरी में दूसरा अपार्टमेंट खरीदा है, जिसके बाद वह खूब चर्चा में बने हुए हैं। जयदीप अहलावत ने मुंबई के अंधेरी में एक अपार्टमेंट खरीदा है जिसे उन्होंने अपनी वाइफ ज्योति हुड्डा के नाम पर रजिस्टर करवाया है। उनका ये नया अपार्टमेंट उसी बिल्डिंग में हैं जिसमें जयदीप ने पिछले महीने एक  घर खरीदा था।

जयदीप अहलावत ने अंधेरी के पूर्णा अपार्टमेंट में 14वें फ्लोर पर यह अपार्टमेंट लिया है। स्क्वायर याड्र्स के मुताबिक 1,950 ,स्क्वायर फीट के कारपेट एरिया में बने इस अपार्टमेंट का रजिस्ट्रेशन 12 जून, 2025 को किया गया। इसके साथ दो पार्किंग स्पेस भी मिले हैं। एक्टर के इस दूसरे घर की कीमत 10 करोड़ रुपए बताई जा रही है। 12 जून, 2025 को रजिस्टर हुए इस अपार्टमेंट के लिए उन्होंने 60 लाख रुपए की स्टैंप ड्यूटी चुकाई और 30 हजार रुपए की रजिस्ट्रेशन फीस अदा की है।

बता दें, पहला अपार्टमेंट जयदीप ने मई में खरीदा था, जिसकी कीमत भी तकरीबन 10 करोड़ के आसपास ही थी। अब उनके दोनों अपार्टमेंट्स को मिलाकर इनकी कीमत 20 करोड़ हो गई है। इन दोनों ही अपार्टमेंट्स को एक्टर ने बंसल फैमिली से खरीदा है, जो इन फ्लैट्स के आधिकारिक मालिक हैं।

### जयदीप अहलावत का करियर

जयदीप के एक्टिंग करियर की बात करें तो वह कई हिंदी फिल्मों और वेब सीरीज में काम चुके हैं। वो रईस, राजी और महाराज जैसी हिट फिल्में दे चुके हैं। इसके बाद उन्होंने वेब सीरीज पताल लोक से भी खूब पॉपुलेरिटी हासिल की। जयदीप को आखिरी बार नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई फिल्म ज्वेल थीफ में देखा गया है।



# जिम के बाहर पैप्स पर भड़कीं सामंथा रुथ प्रभु

एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु अब सिर्फ बॉलीवुड ही नहीं बॉलीवुड का भी फेमस चेहरा है. इन दिनों एक्ट्रेस अपनी लव लाइफ को लेकर चर्चा में हैं. इसी बीच उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है. जो खूब सुर्खियां बटोर रहा है. वीडियो में एक्ट्रेस जिम के बाहर मीडिया पर बौखलाती दिखी. जिसके बाद यूजर्स ने उनकी क्लास लगा दी. सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो में सामंथा रुथ प्रभु मुंबई के एक जिम से बाहर निकलती हुई दिखाई दे रही हैं. वीडियो में वो किसी से फोन पर बात कर रही हैं. इसी बीच पैपराजी उनकी तस्वीरें लेने की कोशिश करते हैं और ये देखकर एक्ट्रेस उनपर बुरी तरह से गुस्सा हो जाती हैं. सामंथा रुथ प्रभु वीडियो में गुस्सा होते हुए पैप्स से कहती हैं कि, बंद करो यार. और फिर जल्दी से गाड़ी में बैठकर चली जाती हैं. एक्ट्रेस का ये अवतार यूजर्स को बिल्कुल पंसद नहीं आ रहा. अब उन्होंने सामंथा को आड़े हाथों लिया. एक ने कहा, अरे इतना गुस्सा किस बात का.. वहीं दूसरे ने कहा,  आप ऐसे लोगों को भाव ही क्यों देते हो यार। बता दें कि सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों लव लाइफ को लेकर भी चर्चा में हैं. खबरों की मानें तो एक्ट्रेस राज निदिमोरु को डेट कर रही हैं. हालांकि इसपर सामंथा ने कभी कोई रिएक्सन नहीं दिया. कुछ दिन पहले दोनों साथ में वेकेशन एंजॉय करते भी नजर आए थे. वर्कफ्रंट की बात करें तो एक्ट्रेस आखिरी बार हालिया रिलीज हॉरर फिल्म 'शुभम' में नजर आई थी. फिल्म में उन्होंने कैमियो किया था.

8 घंटे की शिफ्ट टाइमिंग पर छिड़ी बहस के बीच बोलीं जेनेलिया

# मैं रोज 10 घंटे काम करती हूं और कई बार डायरेक्टर इसे बढ़ा भी देते..

एक्ट्रेस जेनेलिया डिसूजा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म सितारे जमीन को लेकर सुर्खियों में बनी हुई है। फिल्म में एक्ट्रेस सुपरस्टार आमिर खान के साथ नजर आएंगी। ऐसे में वह जमकर फिल्म का प्रमोशन करने में जुटी हैं। इसी बीच हाल ही में जेनेलिया ने 8 घंटे की शिफ्ट टाइमिंग और वर्क-लाइफ बैलेंस को लेकर छिड़ी चर्चा पर बात की और बताया के वह हर दिन 10 घंटे काम करती हैं। दरअसल, शिफ्ट टाइमिंग पर बहस तब छिड़ी जब दीपिका ने निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा से आठ घंटे की शिफ्ट करने की शर्त रखी थी। इस पर सहमति नहीं बनने पर दीपिका ने फिल्म छोड़ दी। इसके बाद कई सितारे दीपिका के सपोर्ट में अपनी बात कर चुके हैं।  वहीं, जब हाल ही में जेनेलिया डिसूजा से जब वर्क-लाइफ बैलेंस से जुड़ा सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि डायरेक्टर जब काम के घंटे बढ़ा देते हैं तो वे एडजस्टमेंट कर लेती हैं।  एक्ट्रेस ने कहा, 'यह मुश्किल है लेकिन असंभव नहीं है। मैं दिन में 10 घंटे काम करती हूं और ऐसे दिन भी आते हैं जब डायरेक्टर इसे बढ़ाकर 11 या 12 घंटे करने के लिए कहते हैं'। जेनेलिया ने आगे कहा, 'मुझे लगता है कि यह ठीक है, लेकिन हमें उन एडजस्टमेंट को करने के लिए समय चाहिए। जब आपके पास एक या दो दिन होते हैं, जब आपको ज्यादा काम करना पड़ता है। यह एक आपसी समझ और प्रोसेस भी है, जिसकी जरूरत है'।



एमएलसी 2025

# टी20 मैच में मैक्सवेल का तूफान, नाबाद शतक के साथ रोहित शर्मा की बराबरी

**नई दिल्ली।** मेजर लीग क्रिकेट-2025 (एमएलसी) में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल ने नाबाद शतक जड़ दिया। वाशिंगटन फ्रीडम की ओर से खेलते हुए मैक्सवेल ने महज 49 गेंदों में नाबाद 106 रन जड़ दिए। मैक्सवेल की इस पारी में 13 छक्के और 2 चौके शामिल रहे। इसी के साथ मैक्सवेल ने टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक जड़ने के मामले में रोहित शर्मा की बराबरी कर ली है। इन दोनों ही बल्लेबाजों ने अब तक टी20 फॉर्मेट में आठ-आठ शतक लगाए हैं।

रोहित-मैक्सवेल के अलावा टी20 क्रिकेट में इतने ही शतक माइकल क्लिंगर, डेविड वॉर्नर, जोस बटलर और आरोन फिंच के भी नाम हैं। इस लिस्ट में सर्वाधिक 22 शतकों के साथ क्रिस गेल टॉप पर हैं।

सबसे ज्यादा टी20 शतक जड़ने के मामले में यह सभी बल्लेबाज संयुक्त रूप से चौथे पायदान पर हैं।

कैलिफोर्निया में बुधवार (भारतीय समय के अनुसार) खेले गए मुकाबले में वाशिंगटन फ्रीडम की टीम ने लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स के



खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। वाशिंगटन फ्रीडम ने महज 10 रन पर रचिन रविंद्र का विकेट गंवा दिया। रचिन से टीम को खासा उम्मीदें थीं, लेकिन वह महज आठ रन ही बना सके। इसके बाद मिशेल ओवेन (32), एंड्रीस गौस (12), जैक एडवर्ड्स (11) और मार्क चैपमैन (17) भी आउट हो गए। आलम ये रहा कि टीम 92 के स्कोर तक अपने पांच विकेट गंवा चुकी थी। यहां से कप्तान ग्लेन मैक्सवेल ने ओबस पिएनार के साथ मिलकर टीम को ना सिर्फ संभाला, बल्कि विशाल स्कोर तक भी पहुंचा दिया। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 116 रन की अटूट साझेदारी हुई, जिसने टीम को 208/5 के स्कोर तक पहुंचा दिया। मैक्सवेल ने 49 गेंदों में ताबड़तोड़ 106 रन जड़े, जबकि ओबस पिएनार ने 15 बॉल में नाबाद 14 रन बनाए। लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स की ओर से कॉर्न ड्राई और तनवीर सांघा ने दो-दो विकेट झटके। इनके अलावा जेसन होल्डर ने एक विकेट अपने नाम किया।

# कवर के तौर पर भारतीय टीम में शामिल किए गए हर्षित राणा



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले तेज गेंदबाज हर्षित कवर के तौर पर भारतीय टीम में शामिल किया गया है। वह टीम के अन्य सदस्यों के साथ ट्रेन से लीड्स पहुंचे जहां भारत को 20 जून से पहला टेस्ट मैच खेलना है। हर्षित भारत ए टीम का हिस्सा थे और उन्होंने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट में हिस्सा लिया था।

### 18 सदस्यीय टीम में नहीं मिली थी जगह

हर्षित ने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टीम के लिए डेब्यू किया था, लेकिन उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ 18 सदस्यीय टीम में जगह नहीं दी गई थी। 23 वर्षीय इस तेज गेंदबाज ने भारत के लिए अब तक दो टेस्ट, पांच वनडे और एक टी20 मुकाबला खेला है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) एक सूत्र ने न्यूज एजेंसी पीटीआई के हवाले से कहा, हर्षित को कवर के तौर पर भारतीय टीम में शामिल किया गया है और वह आज टीम के साथ लीड्स पहुंच गए हैं।

### टीम के साथ आए नजर

हर्षित को टीम के बाकी सदस्यों के साथ लीड्स रेलवे स्टेशन से बाहर निकलते देखा गया। टीम लंदन से लीड्स पहुंची है। पहला टेस्ट 20 जून को हेडिंग्ले में शुरू होगा। भारत ने बेकेनहैम में भारत ए के खिलाफ इंट्रा-स्क्वाड मैच खेला, जो इस सीरीज के लिए उनका एकमात्र अभ्यास मैच था। इससे पहले हालांकि केएल राहुल, करुण नायर, यशस्वी जायसवाल, शार्दुल ठाकुर, ध्रुव जुरेल और नीतीश रेड्डी जैसे खिलाड़ी ए टीम के साथ इंग्लैंड पहुंचे थे। ये सभी खिलाड़ियों इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए के मैच का हिस्सा थे।

# ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर बंसल सुपर स्ट्राइकर्स ने चैम्पियनशिप ट्रॉफी पर किया कब्जा

- तीन दिवसीय सीए क्रिकेट प्रीमियर लीग का हुआ समापन
- विजेता को 21 हजार और उपविजेता को मिला 11 हजार रुपए का नगद पुरुस्कार

एनएनआई

**आगरा।** दुधिया रोशनी में कुबेरपुर रोड स्थित कैप्टन अनेक सिंह स्टेडियम पर सीए क्रिकेट प्रीमियर लीग टूर्नामेंट में जमकर चौके-छक्को की बरसात हुई। द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर अकाउंट्स ऑफ इंडिया की आगरा शाखा की ओर से 77वें सीए स्थापना दिवस के अवसर पर चार्टर अकाउंटेंट के लिए नाईट टूर्नामेंट का आयोजन किया। लीग का फाइनल मैच बंसल सुपर स्ट्राइकर्स और सब्सिटी कमांडोज के बीच खेला गया। शाखा अध्यक्ष गौरव सिंघल ने बताया कि पहले मैच में ग्लास सिटी स्ट्राइकर्स ने 10 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 111 रन बनाये और लक्ष्य का पीछा करने उत्तरी एसजीसी एवेंजर्स की टीम 6 विकेट खोकर 108 रन ही बना पायी। दूसरे मैच में ग्लास सिटी स्ट्राइकर्स ने 3 विकेट के नुकसान पर 99 रन बनाये और उसके जबाब में सब्सिटी कमांडोज ने नौ ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 103 बना कर फाइनल में प्रवेश किया। एलिमिनेटर राउंड के बाद फाइनल में पहुंची सब्सिटी कमांडोज ने 11 ओवर में 4 विकेट के गवा कर 103 रन बनाये और बंसल सुपर स्ट्राइकर्स ने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ दो विकेट के नुकसान पर 11 ओवर में



107 रन बना कर चैम्पियन ट्रॉफी अपने नाम की। सचिव सीए अंकित मित्तल ने बताया कि विजेता टीम बंसल सुपर स्ट्राइकर्स को ट्रॉफी के साथ 21 हजार रुपए और उपविजेता टीम सब्सिटी कमांडोज को 11 हजार रुपए का नगद पुरुष्कार बीएन ग्रुप के संस्थापक अजय अग्रवाल ने प्रदान किया। एमएमजे ऑनामेंट के निर्देशक मृत्युंजय उपाध्याय ने विजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को चांदी का सिक्का भेंट किया। मेन ऑफ टूर्नामेंट अभिषेक अग्रवाल, फाइटर ऑफ टूर्नामेंट हर्षित जैन, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज विश्वेन्द्र शर्मा और सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज चैतन्य मित्तल को मीटर यार्ड के निर्देशक आशीष शर्मा और अतुल गुप्ता ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मैच की कमेंट्री सचिन बुबना, मुकेश गोयल और अलोक अग्रवाल ने की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष सीए सौरभ नारायण सक्सेना, कोषाध्यक्ष सीए करन पंजवानी, सिकासा अध्यक्ष आयुष गोयल, साक्षी जैन, विकास जैन, जितेंद्र पोपटानी, हिमांशु धाकरे, शुभम गोयल, अनीत अग्रवाल, निखिल गर्ग, पुनीत अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## बुधवार, 18 जून राशिफल

आज मेष राशि में शुक्र विराजमान होकर इनके लिए शुभ लाभ का संयोग बना रहे हैं। आपको आज करियर और कार्यक्षेत्र में उन्नति का मौका मिलेगा। आपको अपने किसी मित्र से कोई अच्छी खबर मिल सकती है। अगर आप अपने काम से ज्यादा दूसरों के काम पर ध्यान देंगे तो आपका नुकसान हो सकता है, इसलिए अपने काम पर आज फोकस बनाए रखिए।

वृषभ राशि के स्वामी शुक्र आज 12वें भाव में बैठकर कई मामलों में प्रतिकूल परिणाम दे रहे हैं। ऐसे में आज का दिन वृषभ राशि के लिए खचीर्ला रह सकता है। लेन-देन के मामले में आज का दिन आपके लिए कुछ परेशानियां लेकर आने वाला है। आपको अपने रिश्तेदारों के प्रति आज ध्यान देने की जरूरत होगी, किसी को आपसे सहयोग की आवश्यकता हो सकती है।

मिथुन राशि के जातकों के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। किसी भी काम में जोखिम लेने से आपको बचना होगा। बिजनेस करने वाले लोगों के लिए दिन लाभदायक रहेगा। आपको कोई लाभदायक डील भी मिलेगी। आपके यश में वृद्धि होने से मन प्रसन्न रहेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ उपलब्धियों से आप प्रसन्न होगा।

कर्क राशि के लोगों के लिए आज का दिन लाभदायक और अनुकूल रहेगा। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की योजना बना सकते हैं। आपको अपने प्रयासों का सकारात्मक परिणाम और लाभ मिलेगा। आप सभी को साथ लेकर चलने की पूरी कोशिश करेंगे। आपकी आय में वृद्धि होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

सिंह राशि के जातकों का मन आज धर्म और अध्यात्म में लगेगा। भाग्य आज आपका पूरा साथ देगा,भाई-बहनों के साथ भी आपकी अच्छी बनेगी। आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी। आप कुछ दीर्घकालिक योजनाओं में अच्छा पैसा निवेश कर सकते हैं। आपको अपने किसी मित्र से कोई अच्छी खबर मिल सकती है।

कन्या राशि के लोगो लिए आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है। आपको आज अपने काम के प्रति सजग रहना चाहिए और दूसरों पर आंख मूंदकर भरोसा करने से बचना चाहिए। आपकी किसी चली आ रही समस्या का आज समाधान होगा। स्वास्थ्य में चल रही समस्या को नजरअंदाज करना कष्टकारी हो सकता है।

तुला राशि के लोगों के लिए आज का दिन सकारात्मक रहेगा। आप आज परिवार के साथ मनोरंजक समय बिताएंगे। आपको नौकरी में आज अपनी रचनात्मक क्षमता का लाभ मिलेगा। बिजनेस में आप कुछ नई शुरूआत कर सकते हैं अथवा कारोबार को विस्तार दे सकते हैं। आप आज चतुर बुद्धि और वाणी कुशलता का भी लाभ ले पाएंगे।

वृश्चिक राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि, आज का दिन अच्छा रहने वाला है। बिजनेस करने वाले लोगों को किसी के साथ पार्टनरशिप करने से आज बचना चाहिए। साथ ही आज आपको लेन-देन के मामले में स्पष्ट रहना चाहिए, भावुकता से नुकसान हो सकता है।

धनु राशि वाले आज बुधवार का दिन गुरु के शुभ प्रभाव से ऊर्जा में वृद्धि करने वाला है। आज आप जोश और उत्साह से भरपूर रहेंगे। विद्यार्थियों को किसी परीक्षा में सफलता मिलने से खुशी महसूस होगी। आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों को जल्द पूरा करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको सावधान रहना होगा, अन्यथा कोई विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकता है।

मकर राशि के लिए आज बुधवार का दिन सुख सुविधाओं में वृद्धि करने वाला रहेगा। लेकिन आपको जल्दबाजी में कोई भी फैसला लेने से बचना होगा, अन्यथा दिक्कतें आ सकती हैं। बिजनेस करने वाले लोगों के लिए दिन बेहतर रहने वाला है, आपकी कमाई में आज वृद्धि होगी।

कुंभ राशि के लिए आज सितारें बताते हैं कि, आपको आलस्य त्याग कर आगे बढ़ना होगा तभी आज सफलता प्राप्त होगी। बिजनेस करने वाले लोगों को अपने काम में सजग और सतर्क रहना होगा। भाइयों के साथ आपका तालमेल आज बना रहेगा। आपको आज परिवार के सदस्यों से अपेक्षित सहयोग भी प्राप्त होगा।

मीन राशि के लोगों के लिए आज का दिन सुखद और अनुकूल रहेगा। सुख-सुविधाओं में वृद्धि होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपका प्रॉपर्टी खरीदने का सपना भी पूरा हो सकता है। आपकी चली आ रही किसी समस्या का भी आज समाधान होगा। बिजनेस करने वाले लोगों को कुछ योजनाएं बनाकर आगे बढ़ना होगा इससे दीर्घकालीन लाभ का संयोग बनेगा।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# कर्मचारियों की समस्याओं का समय से समाधान पहली प्राथमिकता-डॉ. पुष्पलता

एनएनआई



**आगरा।** उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ आगरा की ओर से नवागत मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुष्पलता का नगर निगम कार्यालय में पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। वे हाल ही में हाथरस से स्थानांतरित होकर आगरा आई हैं। महासंघ के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद इलाहाबादी के नेतृत्व में हुए इस औपचारिक मिलन के दौरान उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं का समय से समाधान उनकी पहली प्राथमिकता होगी, जिसमें सभी संगठनों के सहयोग की अपेक्षा है। विनोद इलाहाबादी ने भरोसा दिलाया कि महासंघ सदैव संस्थान व शहरहित में सहयोग को तत्पर रहेगा। इस अवसर पर डॉ. संजीव वर्मा, हरीबाबू वाल्मीकि, मोहन गुलजार, सुंदर बाबू, चंचल रेशम सिंह चाहर, महेंद्र सिंह फौजदार, राकेश साहू, गुड्डू चौधरी, सम्राट चौधरी, शनि कामेश, शिवम् दिलवारिया, पप्पू थनवार, जय किशन कछवाहा, कान्हा ठाकुर समेत कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# आगरा की डॉ. मुक्ता शुक्ला ने आयुर्वेद में रचा कीर्तिमान

एनएनआई




**आगरा।** शहर की बेटी डॉ. मुक्ता शुक्ला ने आयुर्वेद क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल कर आगरा का नाम रोशन किया है। ऑल इंडिया परीक्षा (AIAPGET) में बिना कोचिंग देश में श्रेष्ठ रैंक प्राप्त कर वह यूपी की 77 पीजी सीटों में चयनित होने वाली आगरा जिले की एकमात्र छात्रा बनीं। उन्हें लखनऊ के प्रतिष्ठित राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज, तुडियागंज में एमडी (आयुर्वेद) में प्रवेश मिला है। हाल ही में एनाआईईएसबीयूडी, एआईआईए और आईआईएम लखनऊ द्वारा आयोजित 'नव परिवर्तन आइडिया हैकथॉन-2024' में देशभर के 101 विद्यार्थियों में उनका चयन हुआ। आईआईएम IIM लखनऊ (नोएडा कैंपस) में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में उन्हें सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर यूपी सरकार के आयुष विभाग के प्रमुख सचिव रंजन कुमार ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से सम्मानित किया। डॉ. मुक्ता के पिता राकेश शुक्ला नगर निगम में उप सचिव हैं और सामाजिक कार्यों, विशेषकर गोसेवा में सक्रिय हैं। उनकी माता निशा शुक्ला एक कंपनी की मैनेजिंग डायरेक्टर हैं। डॉ. मुक्ता की यह उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणा है।

# एसएन मेडिकल कॉलेज में जबड़े के बड़े ट्यूमर की सफल सर्जरी



आगरा (एनएनआई)। एसएन मेडिकल कॉलेज के ईएनटी विभाग में 35 वर्षीय मरीज के जबड़े से लगभग 810 सेमी का बड़ा ट्यूमर सफलतापूर्वक निकाला गया। विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मरीज को पिछले दो वर्षों से दाईं नाक में गांठ, सांस लेने और सूंघने में दिक्कत, चेहरे की सूजन और आंख बाहर आने जैसी गंभीर समस्याएं थीं। जांच में यह ट्यूमर फाइब्रो मिक्सोमा पाया गया, जो एक आक्रामक रूप से फैलने वाला ट्यूमर होता है। मंगलवार को दो घंटे चले ऑपरेशन में डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार की टीम ने ट्यूमर के साथ दाईं ओर का ऊपरी जबड़ा (टोटल मैक्सीलेक्टोमी) भी हटा दिया, हालांकि मरीज की आंख को सुरक्षित रखा गया। ऑपरेशन में डॉ. सौम्यता नीरज, डॉ. श्रेया मनचंदा और डॉ. दीपा शामिल रहीं। एनेस्थीसिया विभाग से डॉ. मंजरी, डॉ. कृष्णा और डॉ. काजल ने सहयोग दिया। मरीज को निगरानी में वार्ड में रखा गया है और स्थिति स्थिर है।

# मीनोपॉज सोसाइटी के योग सत्र में कोर मांसपेशियों पर विशेष ध्यान



आगरा (एनएनआई)। आगरा मीनोपॉज सोसाइटी द्वारा योग सप्ताह के छठे दिन का आयोजन आकांक्षा टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर में किया गया। कार्यक्रम में योग गुरु अरुण योगी ने प्रतिभागियों को कोर मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए विशेष आसनों, फेशियल योग और योग निद्रा का अभ्यास कराया। सत्र के अंत में डॉ. अनुपम गुप्ता और डॉ. सुशमा गुप्ता को उत्कृष्ट व्यवस्था हेतु धन्यवाद दिया गया। साथ ही, सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया, जिन्होंने पूरे उत्साह से कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजना महेश (अध्यक्ष) और डॉ. कीया पराशर (सचिव), आगरा मीनोपॉज सोसाइटी ने किया।

# आचार्यश्री चैत्यसागर के पखारे पांव, किया नमन

## ससंघ का भक्ति और श्रद्धा से स्वागत



आगरा (एनएनआई)। सर्वांगभूषण आचार्यश्री चैत्यसागर महाराज ससंघ के आगरा आगमन पर जैन समाज में उत्सव का माहौल रहा। 17 जून की सुबह आचार्यश्री जयपुर हाउस जैन मंदिर से विहार करते हुए नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, पीर कल्याणी अतिशय क्षेत्र नसिया पहुंचे। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर प्रांगण में उपस्थित रहे और पाद प्रक्षालन कर श्रद्धाभाव से उनका स्वागत किया। मंदिर में प्रवेश से पूर्व आचार्यश्री ने विशाल मान स्तंभ के समक्ष नमन किया, तत्पश्चात प्रभु के चरणों में नतमस्तक होकर विश्व शांति की कामना की। भक्तों ने मंत्रोच्चारण के बीच प्रभु का अभिषेक व शांतिधारा की। आचार्यश्री के दर्शन और सान्निध्य से वातावरण भक्तिमय हो गया। पीर कल्याणी क्षेत्रवासियों ने गुरुपूजन कर जीवन को सार्थक बनाने की भावना व्यक्त की। आचार्यश्री के आगमन से नगर में धर्म और संयम का संदेश फैल रहा है।

